रविवार, 11 जनवरी 2026

मौसम

तापमान 13 – 24
आर्द्रता 71%
सूर्योदय: 06:19 सूर्यास्त: 17:10

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाग्या



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत की निगाहें कोहली और रोहित पर पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : इस बात पर यकीन रखिये आनेवाला कल बीते कल से बेहतर होगा।




# सोमनाथ 'सभ्यतागत साहस' का प्रतीक: प्रधानमंत्री मोदी

## सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, स्वाभिमान पर्व समारोह में भी हुए शामिल



**वेरावल (गुजरात) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शनिवार को प्रसिद्ध शहर पहुंचे और सोमनाथ को हमारी सभ्यतागत साहस का प्रतीक बताया। गुजरात की अपनी तीन दिवसीय यात्रा की शुरुआत करते हुए उन्होंने एक ड्रोन शो देखा और श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उसकी बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने यहां पहुंचने के बाद सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सोमनाथ में आकर धन्य महसूस कर रहा हूं, जो हमारी सभ्यतागत साहस का गौरवशाली प्रतीक है। यह यात्रा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान हो रही है, जब पूरा देश 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के 1000 वर्ष पूरे होने पर एकजुट हुआ है। लोगों के गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभारी हूं। उन्होंने बैठक के बाद एक अन्य पोस्ट में लिखा, आज शाम सोमनाथ में मैंने श्री सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता की। हमने मंदिर परिसर में बुनियादी ढांचे के उन्नयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं और सोमनाथ की तीर्थयात्रा को और भी यादगार बनाने के तरीकों की समीक्षा की। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी भी न्यासियों और अधिकारियों के साथ बैठक में उपस्थित थे। प्रधानमंत्री शाम में गिर सोमनाथ जिले के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पास स्थित हेलीपैड पर उतरे। सर्किट हाउस की ओर जाते समय उनके काफिले को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क के किनारे खड़े थे। राज्य सरकार द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, सर्किट हाउस में एक बैठक के बाद मोदी मंदिर की ओर रवाना हुए, जहां उन्होंने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के हिस्से के रूप में 'ओंकार मंत्र' के जाप में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर में ड्रोन शो देखा। लगभग 3,000 ड्रोन ने अरब सागर के ऊपर आकाश में मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाने वाली विभिन्न छवियां बनाईं। स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आठ से 11 जनवरी तक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा आई-पैक छापा मामला

# ममता सरकार ने दाखिल किया कैविएट, एजेंसी ने भी खटखटाया दरवाजा

**नई दिल्ली/कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले आई-पैक के कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राज्य सरकार ने इसे चुनावी समय में विपक्ष को निशाना बनाने की कार्रवाई बताया है, जबकि दूसरी ओर ईडी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल सरकार उसकी जांच और तलाशी अभियान में दखल दे रही है और काम में बाधा डाल रही है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की तरफ से दायर याचिका में बताया गया है कि गुरुवार



को जब एजेंसी ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के मुख्यालय और कोलकाता में उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी अभियान चलाया, तब राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से रुकावटें डाली गईं। ऐसे में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उसे निष्पक्ष और बिना किसी दबाव के अपनी जांच करने की अनुमति दी जाए। साथ ही, एजेंसी ने यह भी कहा है कि किसी भी राज्य सरकार को केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दिया है। इस कैविएट में बंगाल सरकार ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट कोई आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुने। सूत्रों के मुताबिक, ईडी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना पर विचार कर रही है। एजेंसी मौजूदा कानूनी विकल्पों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावनाओं पर गौर कर रही है।

# आगामी 20-30 वर्षों में भारत विश्वगुरु बनकर सुख-शांति भरा जीवन देने वाला राष्ट्र बनेगा : भागवत

## हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा भारत

**मथुरा (उप्र) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि आने वाले 20-30 वर्षों में भारत विश्वगुरु बनकर सुख-शांति भरा जीवन देने वाला राष्ट्र बनेगा। मोहन भागवत ने वृंदावन में सुदामा कुटी आश्रम द्वारा रामानन्दी सम्प्रदाय के प्रवर्तक रामानन्दाचार्य की 726वीं जयंती एवं सुदामा कुटी के संस्थापक संत सुदामा दास के वृंदावन आगमन के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह में यह बात कही। यमुना किनारे कुंभ मेला स्थल पर आयोजित 'शताब्दी समारोह' में



विशाल संत-विद्वत सम्मेलन में रामानन्दी सम्प्रदाय के अनुयायियों के अलावा देश भर के संत-महात्मा शामिल हुए। भागवन ने कहा, "हिन्दू कभी भी दुश्मन के शौर्य, वीरता या बल के कारण पराजित नहीं हुआ। वह जब भी हारा, केवल आपसी फूट के कारण ही हारा लेकिन चिंता की बात नहीं। हमने चार-पांच सौ वर्षों तक मुगलों की दासता झेली, उनके अत्याचार सहे परंतु सनातन फिर भी कमजोर नहीं पड़ा। उसे जितने कष्ट दिए गए, वह पहले से मजबूत होकर पुन: उठ खड़ा हुआ।" उन्होंने कहा, "इसीलिए मैं कहता हूं कि आने वाले बीस-तीस वर्षों में भारत विश्वगुरु बनकर सुख-शांति भरा जीवन देने वाला राष्ट्र बनेगा, हिंदू राष्ट्र, धर्म राष्ट्र रहेगा, इसको कोई अन्यथा नहीं कर सकता है क्योंकि भारत का जन्म ही इसीलिए हुआ है और यह प्रयोजन हमारे सामने उप-स्थित है। इसके लिए बस हमारी तैयारी की देरी है। हमें उसके लिए एकजुट हो जाना चाहिए।"

# हमें अपने इतिहास का प्रतिशोध लेना है और हर क्षेत्र में भारत को मजबूत बनाना है : डोभाल

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शनिवार को कहा कि भारत को अपनी सुरक्षा सिर्फ सीमाओं पर मजबूत नहीं करनी है, बल्कि आर्थिक और तकनीकी तौर पर भी देश को इतना मजबूत बनाना है कि हमलों और पराधीनता के अपने इतिहास का प्रतिशोध ले सकें। 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में डोभाल ने स्वतंत्रता के लिये किये गए संघर्षों, भारत की सभ्यता पर हुए हमलों और मजबूत नेतृत्व के महत्व का जिक्र किया। उन्होंने तीन दिवसीय इस आयोजन में भाग ले रहे देश भर के तीन हजार युवाओं से कहा, " मैं गुलाम भारत में पैदा हुआ था। आप भाग्यशाली हैं कि स्वतंत्र भारत में पैदा हुए। सदियों तक हमारे पूर्वजों ने इसके लिये बहुत कुर्बानियां और अपमान सहे हैं। भगत सिंह को फांसी हुई, सुभाष चंद्र बोस



को जीवन भर संघर्ष करना पड़ा, महात्मा गांधी को सत्याग्रह करना पड़ा और अनगिनत लोगों को जानें देनी पड़ीं।" भारत के खुफिया ब्यूरो के पूर्व प्रमुख 81 वर्षीय डोभाल ने कहा, "हमारे गांव जले, हमारी सभ्यता को समाप्त किया गया, हमारे मंदिरों को लूटा गया और हम एक मूक दर्शक की तरह असहाय होकर देखते रहे। यह इतिहास हमें एक चुनौती देता है कि भारत के हर युवक के अंदर आग होनी चाहिये।" उन्होंने कहा ," प्रतिशोध शब्द अच्छा तो नहीं है, लेकिन यह अपने आप में बड़ी शक्ति होती है। हमें अपने इतिहास का प्रतिशोध लेना है और हमें इस देश को फिर वहां पहुंचाना है, जहां हम अपने हक, अपने विचार और अपनी आस्थाओं के आधार पर एक महान भारत का निर्माण कर सकें। हमें अपने आपको हर रूप में आर्थिक, रक्षात्मक, तकनीकी तौर मजबूत बनाना है।" डोभाल ने कहा, "हमारी एक बड़ी विकसित सभ्यता थी। हमने किसी के मंदिर नहीं तोड़े और कहीं जाकर लूटा नहीं। हमने दूसरे देशों पर आक्रमण नहीं किया, परंतु हम अपनी सुरक्षा और उस पर खतरों के प्रति उदासीन रहे, तो हमें इतिहास ने एक सबक सिखाया। क्या हमने वह सबक सीखा और क्या उसे याद रखेंगे। अगर आने वाली पीढियां उस सबक को भूल जायेंगी, तो यह इस देश की सबसे बड़ी त्रासदी होगी।"

## अयोध्या में राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने की कोशिश करने पर एक व्यक्ति हिरासत में लिया गया

**अयोध्या :** अयोध्या के राम मंदिर परिसर में कथित तौर पर नमाज पढ़ने की कोशिश करने के आरोप में कश्मीर निवासी अहमद शेख को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कश्मीर निवासी अहमद शेख (55) को हिरासत में ले लिया गया, जिसने कथित तौर पर उच्च सुरक्षा वाले राम मंदिर परिसर के अंदर नमाज पढ़ने का प्रयास किया और रोके जाने पर नारे लगाए। पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) बलरामचारी दुबे के अनुसार आरोपी की पहचान कश्मीर के शोपियां जिले के निवासी अहमद शेख के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि अहमद दिन के समय मंदिर परिसर में दाखिल हुआ, मंदिर के दर्शन किए और बाद में सीता रसोई क्षेत्र के पास बैठ गया जहां वह कथित तौर पर नमाज पढ़ने की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार सुरक्षाकर्मियों ने उसकी हरकतों को देखा और तुरंत हस्तक्षेप किया, जिसके बाद मंदिर के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। सूत्रों का दावा है कि रोके जाने पर उसने कथित तौर पर नारे लगाए।

## तारिक रहमान को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**ढाका :** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने तारिक रहमान को पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति उनकी मां और पार्टी अध्यक्ष खालिदा जिया के निधन के कुछ दिन बाद की गई है। शुक्रवार को हुई एक बैठक में बीएनपी की स्थायी समिति ने तारिक रहमान को पार्टी अध्यक्ष नियुक्त करने को मंजूरी दी। 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार, बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने बैठक के बाद मीडिया को इस नियुक्ति की पुष्टि की।

## गुलशन कुमार हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**मुंबई :** संगीत कंपनी 'टी-सीरीज' के मालिक गुलशन कुमार की हत्या मामले में महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित हरसुल जेल में बंद 60 वर्षीय दोषी की शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पड़ोसी ठाणे जिले के मुंब्रा के अमृत नगर निवासी मोहम्मद रऊफ दाऊद मर्चेंट सनसनीखेज मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद से 2002 से यहां से लगभग 350 किलोमीटर दूर हरसुल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। उन्होंने बताया, आठ जनवरी की सुबह जेल की बैरक में नमाज पढ़ते समय मर्चेंट को सीने में तेज दर्द हुआ और वह बेहोश हो गया। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गंभीर दिल का दौरा बताया गया है। मुंब्रा में उसके परिजन उसी शाम उसका शव ले गए और अंतिम संस्कार किया। अधिकारी ने बताया कि हरसुल थाने में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है।

## राउरकेला के समीप एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त, छह लोग घायल

**राउरकेला/भुवनेश्वर :** राउरकेला के पास नौ सीट वाला एक निजी विमान शनिवार को आपातकालीन स्थिति में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे कम से कम छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर जलदा में हुई जब उड़ान योजना के तहत संचालित विमान भुवनेश्वर से राउ-रकेला जा रहा था। खुले इलाके में उतरने से पहले चालक दल ने पास के हवाई अड्डे पर 'मेडे' कॉल जारी की थी। ओडिशा के वाणिज्य और परिवहन मंत्री बी बी जेना ने पत्रकारों को बताया, यात्रियों को ले जा रहा नौ सीट वाला एक निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना रा-उरकेला से लगभग 10 किलोमीटर दूर जलदा में हुई। ईश्वर की कृपा से



यह बड़ा हादसा नहीं है। भुवनेश्वर में विमानन निदेशालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, विमान में सवार सभी छह लोगों (दो पायलट और चार यात्री) को राउरकेला के जेपी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पांच लोगों की हालत स्थिर है जबकि एक व्यक्ति निगरानी में है।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 जनवरी, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ कृष्णपक्ष अष्टमी, 10:21 तक, नक्षत्र : चित्रा, 18:08 तक, योग : सुकर्माण, 17:26 तक, सूर्योदय: 06:19, सूर्यास्त: 17:10, चन्द्रोदय : 24:42, चन्द्रास्त: 11:25, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : तुला, राहु काल : 15:45 से 17:06

## साप्ताहिक : राशिफल
## 11-01-26 से 17-01-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि वाले जातकों के लिए आने वाला नय सप्ताह सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से समय कमजोर रहेगा, इसलिए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको नए-नए तरीकों से धन प्राप्त हो सकता है। यह आपके जीवन के लिए लाभकारी रहेगा। प्रेम संबंधों में तनाव देखने को मिल सकता है। झगड़े की भी नौबत आ सकती है। वैवाहिक संबंधों को संभालने की आवश्यकता है, अन्यथा, लड़ाई झगड़े की स्थिति बन रही है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक रहेगा। सेहत के लिहाज से थोड़ी समस्याएं आ सकती हैं। आपको आंख, नाक से संबंधित कोई मौसमी परेशानी हो सकती है। आर्थिक स्थिति की बात करें तो आपके लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। नए-नए तरीकों से धन का आगमन होगा। व्यापारियों के लिए सप्ताह बढ़िया है। कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं। नौकरीपेशा जातको को अधिकारियों से लाभ हो सकता है। आप अपने प्रेमी संग दिल का हाल बयां करेंगे और उनके दिल का हाल जानने की कोशिश करेंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कुछ कमजोर दिखाई दे रहा है। सेहत के हिसाब से ध्यान देने की जरूरत है। घुटनों से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है। नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। व्यापारियों को बिजनेस में लाभ हो सकता है। नौकरी वाले जातकों के लिए समय अच्छा है। इंक्रीमेंट हो सकता है। प्रेम संबंधों के लिए समय कमजोर रहेगा। आपकी अपने प्रेमी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। वैवाहिक संबंध अच्छे बने रहेंगे।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिला-जुला रहेगा। सेहत की बात करें तो आपका स्वास्थ्य कुछ परेशानी दे सकता है। अपने माता-पिता के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपको बिजनेस में लाभ हो सकता है। पार्टनरशिप में कार्य करने वालों को कुछ समस्याएं हो सकती हैं। नौकरी करने वाले जातकों को अपने मान-सम्मान का ध्यान रखना होगा। प्रेम संबंध ठीक-ठाक रहेंगे। आप अपने प्रेमी संग कहीं किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों के लिए नया सप्ताह अच्छा बीतेगा। आपके स्वास्थ्य की बात करें तो यह भी बढ़िया रहेगा। किसी प्रकार की कोई शारीरिक कष्ट नहीं होगा। व्यापार में उन्नति हो सकती है और धन के निवेश से लाभ होगा। नौकरी पेशा जातकों का प्रमोशन संभव है। धन का आवागमन बना रहेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। पूर्व में किए गए निवेश से लाभ हो सकता है। प्रेमी जातक अपने साथी के लिए रोमांटिक रहेंगे। आपका व्यापार आगे बढ़ेगा। गृहस्थ जीवन में कुछ तनाव महसूस कर सकते हैं, आपके जीवनसाथी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कुछ कमजोर रहेगा। सेहत के लिहाज से आपको ध्यान रखना होगा। व्यायाम करें तथा उचित खान-पान रखें। व्यापारियों के लिए समय अच्छा है। उन्हें कोई नया कार्य मिल सकता है। परिवार में प्रसन्नता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। आमदनी की अपेक्षा दैनिक खर्च बढ़ेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपका लगाव बहुत अधिक रहेगा, शादीशुदा जीवन अच्छा रहेगा। आप अपने जीवन साथी को कहीं बाहर घुमाने लेकर जा सकते हैं।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सा सावधान रहें। पेट में ऐंठन इत्यादि की समस्याएं हो सकती हैं। परिवार में ना चाहते हुए भी कुछ कार्यों पर धन खर्च करना पड़ सकता है। व्यापार करने वाले जातकों को अपने बिजनेस पर ध्यान देना होगा। यदि पार्टनरशिप में व्यापार करते हैं तो अनबन होने की संभावना है। नौकरी वाले जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। आपका मन ऑफिस के कार्यों में लगा रहेगा। परिवार में भी सुख शांति रहेगी।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, अन्यथा, खांसी, जुकाम, बुखार इत्यादि मौसमी बीमारियों से परेशान हो सकते हैं। परिवार के सदस्यों पर धन अधिक खर्च करना पड़ सकता है, इसलिए बजट न बिगड़े, इसके लिए खर्चों पर नियंत्रण रखें। व्यापारियों की इस सप्ताह सभी योजनाएं सफल होंगी। नौकरी वाले जातक ऑफिस की राजनीति से बचें। अपने कार्य पर ध्यान देने की कोशिश करें। प्रेम संबंधों में मधुरता देखने को मिलेगी।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा परेशानी वाला रहेगा। इस सप्ताह स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पेट से संबंधित समस्याएं परेशान कर सकती हैं। आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी। कुछ समस्याओं को झेलने के बाद धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी सरकारी योजना का लाभ भी मिलेगा। व्यापारियों के लिए यह सप्ताह उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। नौकरीपेशा वाले जातक नौकरी से खुश नहीं रहेंगे। वे बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। प्रेमी से टकराव हो सकता है तथा पारिवारिक रिश्तों में भी कुछ दरार आ सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** आने वाले नया सप्ताह मकर राशि के जातकों के लिए मिला-जुला रहेगा। सेहत को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। नियमित रूप से व्यायाम करें। फेफड़ों से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। व्यापार करने वाले जातकों के लिए लाभ की स्थितियां बन रही हैं। वहीं, नौकरी में तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति को लेकर आप थोड़ा सा परेशान रहेंगे। परिवार के सदस्यों की फरमाइश पूरी करने में धन खर्च हो सकता है। प्रेमी जातक अपने मन की बात अपने साथी को बता सकते हैं।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह ठीक-ठाक रहेगा। यदि आपका स्वास्थ्य कुछ समय से खराब चल रहा है तो अब आराम मिल सकता है। जीवनसाथी का भी स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापारियों को कुछ नया करने का अवसर प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी। छोटे-मोटे खर्चे लगे रहेंगे। निजी संबंधों की बात करें प्रेमी संग आपके संबंध कुछ खराब हो सकते हैं। परिवार में भी किसी बात को लेकर तनाव रहेगा। वैवाहिक संबंधों में कुछ तनाव की स्थिति बन रही है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अच्छा रहेगा। इस सप्ताह आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी, परंतु मसालेदार भोजन से दूर रहें। व्यापारियों के लिए सप्ताह बढ़िया रहेगा। किसी लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। नौकरी वाले जातकों के लिए कार्य क्षेत्र में तनाव कम रहेगा। पारिवारिक संबंधों की बात करें तो आप अपने भाई-बहनों के साथ कहीं बाहर घूमने के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंध भी अच्छे बने रहेंगे। संतान को लेकर आपका मन संतोष रहेगा।

# पौष पूर्णिमा पर 31 लाख से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया: आदित्यनाथ



**प्रयागराज (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कहा कि माघ मेला में पौष पूर्णिमा पर 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान किया, जबकि अनुमान केवल 10 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने का था। मुख्यमंत्री ने माघ मेले की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ''14-15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को वसंत पंचमी, फिर माघ पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान संपन्न होंगे। पूरे आयोजन के लिए सभी विभागों ने व्यापक तैयारियां की हैं। इस वर्ष माघ मेला के लिए घाटों की लंबाई बढ़ाई गई है। साथ ही, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है और भीषण शीतलहर से बचाव के उपाय किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मेला सेवा ऐप का उद्घाटन किया

प्रयागराज में माघ मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेला सेवा ऐप का उद्घाटन किया। सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, मेले के आगामी स्नान पर्वों की समीक्षा करने शनिवार को माघ मेला क्षेत्र पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रयागराज में तीर्थयात्रियों को डिजिटल मार्गदर्शन देने के लिए माघ मेला सेवा ऐप का भी उद्घाटन किया। इस ऐप के जरिए मेले में आए श्रद्धालुओं को डिजिटल तरीके से सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### धर्मनिरपेक्ष के ठेकेदारों का बांग्लादेश की घटना पर मुंह बंद है

धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीति करने वालों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, इन लोगों का बांग्लादेश की घटना पर मुंह बंद है। इनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है। ऐसा लगता है कि किसी ने इनके मुंह पर फेवीकोल चिपका दिया है।

## कांग्रेस 'भ्रष्टाचार की जननी', 2027 में समाजवादी पार्टी साफ़ हो जाएगी : केशव प्रसाद मौर्य



**बरेली (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कांग्रेस को 'भ्रष्टाचार की जननी' करार देते हुए दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी तरह साफ हो जाएगी। बरेली के सर्किट हाउस में मौर्य ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव भाजपा के खाते में जाएगा और सपा पूरी तरह साफ हो जाएगी। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जातिवादी और परिवारवादी राजनीति करने वालों को जनता पसंद नहीं करती है। मौर्य ने कहा कि सभी जानते है जब कांग्रेस की सरकार थी और राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे तो वह कहते थे कि जब हम संसद से एक रुपया भेजते है तो लाभार्थी तक जाते जाते 25 पैसे रह जाते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार में भ्रष्टाचार खत्म हुआ। अब योजनाओं का पूरा पैसा लाभार्थियों के सीधे अकाउंट में पहुंचता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। उन्होंने केंद्र के नए कानून की सराहना करते हुए कहा कि 'विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण' (वीबी-जी राम जी) अधिनियम में अब कोई गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम से जो योजना चल रही थी अब उसकी जगह 'वीबी जी राम जी' को महीनेभर के अंदर जमीन पर लागू कर दिया जाएगा जिससे श्रमिकों को अधिक रोजगार मिलेगा और मजदूर को सात दिन के अंदर उसका भुगतान मिल जाएगा।

### रांची के लापता बच्चों की तलाश नौ दिन बाद भी जारी, धुर्वा में रविवार को बंद का आह्वान

**रांची :** झारखंड में 40 पुलिसकर्मियों की एक टीम नौ दिन पहले रांची से लापता हुए दो बच्चों की तलाश कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों की उम्र चार और पांच वर्ष थी और वे दो जनवरी को अपने घर के पास एक किराने की दुकान पर कुछ खाने का सामान खरीदने गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उनके पिता ने कहा, मैंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इलाके में उनकी तलाश की, लेकिन वे कहीं नहीं मिले। मैंने तीन जनवरी को धुर्वा थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। उनकी सुरक्षित वापसी की मांग करते हुए स्थानीय लोगों ने एक समिति बनाई है, जिसने रविवार को धुर्वा में बंद बुलाया है।

### सोनभद्र में योगी आदित्यनाथ का आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र (उप्र) :** सोनभद्र जिले के रामपुर बरकोनिया थाना पुलिस ने कथित तौर पर सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एआई (कृत्रिम मेधा) तकनीक द्वारा तैयार आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में शनिवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक पर धार्मिक भावनाएं आहत करने एवं दुष्प्रचार करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि थाना रामपुर बरकोनिया अंतर्गत ग्राम नरोखर निवासी (22) द्वारा सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आपत्तिजनक वीडियो धार्मिक नारे के साथ पोस्ट किया गया जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हुआ।

### आगरा में पकड़े गए 38 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया गया

**आगरा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अवैध रूप से प्रवास कर रहे 38 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित करके उनके देश वापस भेजने के लिए शनिवार को यहां से रवाना किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (अभिसूचना) दिनेश सिंह ने बताया कि आगरा के सिकंदरा थानाक्षेत्र के सेक्टर-15 में अवैध रूप से रह रहे 38 बांग्लादेशी पकड़े गए और किसी के भी पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था।

## लखीमपुर की अध्यापिका मोदी को लिखे पत्र का जवाब पाकर उत्साहित

**लखीमपुर खीरी (उप्र) :** लखीमपुर खीरी जिले के डान वास्को इंटर कॉलेज की अध्यापिका अरुणा श्री (42) उस समय बेहद प्रसन्न और उत्साहित हो गईं जब उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पिछले महीने भेजे गए अपने पत्र का जवाब मिला। अरुणा ने बताया कि उन्हें एलपीजी सिलेंडरों की बेहतर डिलीवरी की प्रशंसा करते हुए लिखे गए पत्र का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला है। राजाजीपुरम इलाके की निवासी और डॉन बोस्को इंटर कॉलेज में शिक्षिका अरुणा श्री ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था, क्योंकि फोन करने के मात्र 15 मिनट के भीतर ही उन्हें भरा हुआ एलपीजी सिलेंडर मिल गया था। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, जब कंपनी के प्रतिनिधि ने फोन करने के 15 मिनट के भीतर ही मुझे एलपीजी सिलेंडर सौंप दिया, तो मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि सरकार के प्रयासों से चीजें कितनी आसान हो गई हैं। उन्होंने कहा कि भावनाओं से भरकर मैंने भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने हमारे दैनिक जीवन को इतना आसान और सुविधाजनक बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

## वाराणसी में बुर्का, हिजाब, घूंघट और हेलमेट पहनकर आने वालों को आभूषण न बेचने का फैसला



**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी में चोरी, लूट और ठगी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने बुर्का, हिजाब, घूंघट और हेलमेट पहनकर आने वाले ग्राहकों को आभूषण नहीं बेचने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ की वाराणसी इकाई के जिलाध्यक्ष कमल सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा ''चेहरा ढककर आये ग्राहकों को हम आभूषण नहीं बेचेंगे क्योंकि नकाबपोश व्यक्ति यदि कोई वारदात करता है तो उसकी पहचान नहीं हो पाती।'' सिंह ने कहा, ''हमने अपनी दुकानों के आगे पोस्टर लगाए हैं जिन पर लिखा है मास्क, बुर्का, हेलमेट और नकाब पहनकर दुकान में आना मना है।'' उन्होंने कहा कि दुकानदारों की चिंताओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है और ग्राहक चेहरा दिखाकर खरीदारी कर सकते हैं, जिससे हम सुरक्षित महसूस कर सकेंगे। सिंह ने कहा, आभूषण व्यवसाय कीमती वस्तुओं का कारोबार है। अपराधी अक्सर हेलमेट, बुर्का पहनकर वारदात को अंजाम देते हैं। इस लिए मास्क, बुर्का, हेलमेट और नकाब पहनकर आने पर हम आभूषण नहीं बेचेंगे। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ ने बताया कि झांसी समेत प्रदेश के कई जिलों में स्वर्णकारों की दुकानों के आगे इस तरह के पोस्टर लगे हैं। सेठ ने कहा कि वाराणसी में आभूषण की हजारों दुकान हैं, सभी को नकाबपोश, बुर्का पहनकर आने वालों से है। उन्होंने कहा कि दुकानदार किसी व्यक्ति के धर्म का विरोध नहीं कर रहे बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए ऐसा कर रहे हैं।

## जयपुर में तेज रफ्तार कार ने 16 लोगों को रौंदा; एक की मौत



**जयपुर :** जयपुर शहर में तेज रफ्तार एक लग्जरी कार ने राहगीरों को टक्कर मार दी जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात शहर की पत्रकार कॉलोनी इलाके में खरबास सर्कल के पास हुई जब तेज रफ्तार कार पहले डिवाइडर से टकराई और बेकाबू होकर 30 मीटर तक सड़क किनारे स्थित दुकानों और ठेलों को टक्कर मारती चली गई। इस घटना में वहां खड़ी कई गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने बताया कि कार में चार लोग सवार थे और कथित तौर पर सभी नशे की हालत में थे। उसने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य मौके से फरार हो गए। उसने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए जयपुरिया अस्पताल ले जाया गया। इनमें से आठ लोगों को भर्ती किया गया, जबकि अन्य को निजी अस्पतालों में ले जाया गया या वे परिजनों के साथ घर चले गए। पुलिस ने बताया कि घायलों में से एक भीलवाड़ा निवासी रमेश बैरवा की बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल चार मरीजों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना पर दुख जताया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए।

## 70 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 एसआईआर सूची के आधार पर सत्यापन हुआ: सीईओ झारखंड

**रांची :** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की पूर्व प्रक्रिया के तहत करीब 70 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची के आधार पर सत्यापन का कार्य किया जा चुका है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ)के.रवि कुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी। कुमार ने अधिकारियों से शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं के सत्यापन को प्राथमिकता देने को कहा। सीईओ ने प्रस्तावित एसआईआर के पूर्व-संशोधन प्रक्रिया की समीक्षा करने के लिए शनिवार को जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ), सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) और उप चुनाव अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने कहा कि मौजूदा मतदाता सूची के 70 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची के साथ माता-पिता के आधार पर मिलान करने का काम पूरा हो चुका है। कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सरकारी कार्यालयों में शिविर आयोजित करें ताकि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यापन प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा सके।

## विरासत को तहस-नहस करने के लिए परायों की जरूरत नहीं होती, अपने ही काफी: रोहिणी आचार्य



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने विरासत को कथित तौर पर नष्ट करने के लिए अपने परिवार के सदस्यों की शनिवार को आलोचना की और दावा किया कि इसके लिए बाहरी लोगों की जरूरत नहीं है। आचार्य ने 'एक्स' पर की गई अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ''उन लोगों के निशान मिटाने की कोशिश की जा रही है जिन्होंने एक विरासत को पहचान और अस्तित्व दिया।'' आचार्य ने 'एक्स' पर लिखा, ''बड़ी शिद्दत से बनाई और खड़ी की गई बड़ी विरासत को तहस-नहस करने के लिए परायों की जरूरत नहीं होती, 'अपने' और अपनों के चंद षड्यंत्रकारी 'नये बने अपने' ही काफी होते हैं।'' किसी का नाम लिए बिना, उन्होंने यह भी दावा किया कि ''हैरानी तो तब होती है, जब जिसकी वजह से पहचान होती है, जिसकी वजह से वजूद होता है, उस पहचान, उस वजूद के निशान को बहकावे में आकर मिटाने और हटाने पर अपने ही आमादा हो जाते हैं।'' आचार्य ने कहा, ''जब विवेक पर पर्दा पड़ जाता है, अहंकार सिर पर चढ़ जाता है। तब विनाशक ही आंख-नाक और कान बन बुद्धि-विवेक हर लेता है।''

## कानून व्यवस्था अच्छी रहने पर ही कोई राज्य विकास कर सकता है: अमित शाह



**जयपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कोई राज्य तभी विकास कर सकता है जब वहां कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी हो। उन्होंने कहा कि राज्य की भजनलाल शर्मा सरकार के दो साल के कार्यकाल में कुल अपराध में लगभग 14 प्रतिशत की कमी आई है। वे यहां राजस्थान पुलिस अकादमी में नवनियुक्त कांस्टेबल से जुड़े एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा,''कानून व्यवस्था अच्छी हो तभी कोई राज्य विकास कर सकता है। राजस्थान की भजनलाल सरकार ने प्रश्नपत्र लीक के सिलसिले को बंद कर दिया, कानून व्यवस्था को मजबूत करने का काम किया और राजस्थान को निवेश के लिए अग्रणी स्थान बनाया है।'' उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल सरकार बनने के बाद दो साल में कुल अपराध में लगभग 14 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने कहा कि राज्य में गंभीर प्रकार के अपराध में 19 प्रतिशत की कमी आई है और हत्या से जड़े मामलों में 25 प्रतिशत, हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों में 19 प्रतिशत, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार में 10 प्रतिशत कमी आई है। शाह ने यह भी कहा कि कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ सकता है जब राज्य में लोक सेवकों की भर्ती पारदर्शी तरीके से हो और उसमें कोई भ्रष्टाचार न हो। उन्होंने कहा,''भजनलाल सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गए प्रश्नपत्र लीक के सिलसिले को समाप्त कर राजस्थान को इससे निजात दिलाने का काम किया है।'' उन्होंने कहा कि तीन न्याय संहिताएं लागू होने के बाद राजस्थान पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों के तहत सजा दिलाने की दर 41 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गयी है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस आंकड़े को बढ़ाकर 85 प्रतिशत तक करने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## वर्ग पहेली नं. 3318



*बायें से दायें:-* 1) प्रतिबंध, 3) इलज़ाम, 6) कंकालमात्र; निर्बल, 8) रखवाला, 9) आँख का परदा, 11) एक संख्या, 12) पुल्लिंगीय *सजीव,* 13) श्वास, 14) अभावग्रस्त, 17) पेचीदा, 18) लक्ष्मी, 19) छाती, 20) मछुआरा, 22) व्यंगपूर्ण चुटीली बात, 23) धनसंपत्ति, 24) नाक से रुधिरस्राव, 25) महोदय, 28) गोल घेरा; कार्यक्षेत्र, 29) करुणाजनक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बदमाशी; दुष्टता, 2) लकड़ी, काग़ज़ आदि को नष्ट करनेवाली सफ़ेद चींटी, 3) सुस्ती, 4) फिक्र, 5) दंश, 7) अनाथ, 10) दहल जाना; डरना, 13) रौंद डालना, 14) बधाई, 15) जीर्णशीर्ण; धज्जीधज्जी, 16) तरल पदार्थ को ठोस बनाना, 19) भोलाभाला, 21) सम्मान; इज़्ज़त, 23) घटना, 26) एक मिठाई, 27) उचित.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3276

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | 8 | | 1 | | | |
| | | | | 2 | | | | |
| | | 2 | 3 | | | | | |
| | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | | | | 1 | 8 | | | 7 |
| | | 5 | | 9 | | 2 | | 6 |
| 9 | | | | | | | 8 | |
| 1 | 4 | 7 | 2 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3275 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 2 | 6 | 4 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 5 | 9 | 8 | 4 | 3 |

# क्या भाजपा ईडी और निर्वाचन आयोग की मदद से हमें रोक सकती है : अभिषेक बनर्जी

## बांकुड़ा की सभी विधानसभा सीट जीतने का किया आह्वान, दो भाजपा नेता तृणमूल में शामिल

**बांकुड़ा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को पूछा कि क्या भाजपा को लगता है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और निर्वाचन आयोग का दुरुपयोग कर उनकी पार्टी को रोक सकती है। इस दिन, बांकुड़ा में आयोजित रैली में अभिषेक ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस केंद्रीय एजेंसियों के दबाव के आगे नहीं झुकेगी। उन्होंने कहा कि क्या भाजपा को लगता है कि वह ईडी और निर्वाचन आयोग की मदद से हमें रोक सकती है? तृणमूल कांग्रेस कभी भी ऐसे किसी दबाव के आगे नहीं झुकेगी। तृणमूल नेता ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहना चाहता हूं कि वे बंगाल के इतिहास और राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद, राजा राममोहन रॉय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और ईश्वरचंद्र विद्यासागर के योगदान के बारे में जानकारी हासिल करें। उन्होंने राज्य में 2011 में हुए विधानसभा चुनावों में तृणमूल कांग्रेस की जीत का जिक्र करते हुए दावा किया कि अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नहीं होतीं, तो माकपा राज्य में सत्ता में बनी रहती। अभिषेक ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की ओर से की जा रही एसआईआर की कवायद के नाम पर बंगालियों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कारण कई



लोगों ने आत्महत्या कर ली और कई लोग बीमार पड़ गए। अभिषेक ने कहा कि इन मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों से राजनीतिक रूप से निपटना होगा। उन्होंने दावा किया कि कुछ राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी कहा जा रहा है। अभिषेक ने केंद्र सरकार पर राज्य का दो लाख करोड़ रुपये का बकाया भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने बांकुड़ा जिले की दो सीटें जीती थीं और पूछा कि पार्टी की ओर से किए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड कहां है। अभिषेक ने कहा कि हमने तृणमूल सरकार की ओर से पिछले 15 वर्षों में किए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राजनीतिक लड़ाई सड़कों, बुनियादी ढांचे, आवास, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सृजन के संबंध में आंकड़ों और जानकारी के आधार पर होनी चाहिए। अभिषेक ने कहा कि बंगाल में 15 साल से ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार है, जबकि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार 12 साल से केंद्र की सत्ता में है, उन्होंने बांकुड़ा जिले के लिए क्या किया है? तृणमूल नेता ने भाजपा को अपना रिपोर्ट कार्ड जारी करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि तृणमूल सरकार ने न केवल जंगलमहल क्षेत्र (जिसके अंतर्गत बांकुरा आता है) में माओवादी आतंक का अंत किया, बल्कि वहां शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं। अभिषेक ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जल जीवन मिशन, सड़क अवसंरचना परियोजनाओं और मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) जैसी योजनाओं के तहत धनराशि रोक रही है।

# अमर्त्य सेन, शमी को एसआईआर सुनवाई का नोटिस 'अमानवीय'

- ममता ने पांच दिन के अंदर चुनाव आयोग को फिर लिखा पत्र, गिनाई खामियां
- शादीशुदा महिलाओं को अपमानित करने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कथित खामियों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की तरफ से चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान आम नागरिकों को जिस तरह से लगातार परेशान किया जा रहा है, उससे मैं अत्यंत स्तब्ध और विचलित हूं। सुनवाई प्रक्रिया काफी हद तक मैकेनिकल हो गई है, जो पूरी तरह से तकनीकी आंकड़ों पर आधारित है और इसमें बुद्धि, संवेदनशीलता और मानवीय स्पर्श का पूर्णतः अभाव है। तृणमूल सुप्रीमो ने ईसीआई से कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि एक ऐसा अभियान जो रचनात्मक और फलदायी होना चाहिए था, उसमें पहले ही 77 मौतें हो चुकी हैं, 4 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया है और 17 लोग बीमार पड़ गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इसका कारण ईसीआई द्वारा बिना योजना के किए गए इस अभियान के कारण डर, धमकियां और अत्यधिक कार्यभार है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन, एक 90 वर्षीय और विश्व स्तर पर सम्मानित बुद्धिजीवी, को अपनी योग्यता साबित करने के लिए चुनाव आयोग के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। इसी तरह, प्रख्यात कवि और पुरस्कार विजेता जॉय गोस्वामी, लोकप्रिय फिल्म अभिनेता और सांसद दीपक अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी और भारत सेवाश्रम संघ के महाराज जैसी प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से सम्मानित हस्तियों को भी इस अनियोजित, असंवेदनशील और अमानवीय प्रक्रिया का सामना करना पड़ा है। क्या यह चुनाव आयोग की ओर से घोर दुस्साहस नहीं है? ममता ने चुनाव आयोग से कहा कि यह भी पता चला है कि तथाकथित तार्किक विसंगतियों, जो वास्तव में पूरी तरह से अतार्किक हैं, को राजनीतिक पूर्वाग्रह के साथ चुनिंदा रूप से कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने चुनाव आयोग से कहा कि हालांकि, अब बहुत देर हो चुकी है, उम्मीद है कि समझदारी से काम लिया जाएगा और राज्य के आम नागरिकों की परेशानी, असुविधा और पीड़ा को कम करने के लिए आपकी ओर से उचित सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**Name Change**

I Rajul Jatin Desai daughter of late Naresh Kumar H Matalia (Father) & late Chandan Matalia (Mother) wife of Jatin kumar desai residing at 3, Benoy Bose Road, 4 th floor, Kolkata - 700025 do hereby solemly affirm and declare that Rajul Jatin Desai (DOB 2 nd August 1979) and Rajul Desai is the same and one identical person via affidavit before the notary public at Kolkata dated 9 th January 2026.

### एसआईआर : आयोग ने बंगाल के लिए 4 और वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने राज्य में चल रहे एसआईआर अभियान की निगरानी को और सख्त करने के लिए चार और विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आयोग ने शनिवार को बताया कि नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों में रतन बिस्वास, विकास सिंह, संदीप रेवाजी राठौड़ और डॉ. शैलेश शामिल हैं। आयोग के अनुसार, ये अधिकारी मतदाता सूची के संशोधन और सत्यापन की प्रक्रिया पर करीबी नजर रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वैधानिक निर्देशों का सख्ती से पालन हो। अधिसूचना के अनुसार, ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी और अगले आदेश तक जारी रहेंगी।

# कोयला तस्करी मामला : शुभेंदु और जगन्नाथ ने ममता को दी आरोप सिद्ध करने की दी चुनौती

## शुभेंदु ने ममता को भेजा लीगल नोटिस, 72 घंटे में सबूत सार्वजनिक करने की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोयला तस्करी मामले को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती दी है कि वे उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को एक उचित समय-सीमा के भीतर साबित करें, अन्यथा उन्हें मानहानि के मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। शुभेंदु अधिकारी के अधिवक्ता ने पहले ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मानहानि का कानूनी नोटिस भेज दिया है। नोटिस में मुख्यमंत्री से 72 घंटे के भीतर कथित आरोपों से जुड़े सभी सबूत



पेश करने की मांग की गई है। नोटिस में साफ कहा गया है कि यदि तय समय के भीतर सबूत नहीं दिए गए, तो उनके खिलाफ दीवानी और आपराधिक दोनों तरह की मानहानि की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दूसरी ओर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर मुख्यमंत्री को खुली चुनौती दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री या तो अपने आरोपों को उचित समय में साबित करें या फिर मानहानि की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। उल्लेखनीय है कि हाल ही में, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सार्वजनिक मंचों से यह बयान दिया था कि पश्चिम बंगाल में हुए कोयला तस्करी घोटाले से अर्जित धन भाजपा के प्रदेश नेताओं के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंचा। उन्होंने दावा किया था कि यह धन या तो जगन्नाथ चट्टोपाध्याय के जरिए या शुभेंदु अधिकारी के माध्यम से पहुंचाया गया।

# आई-पैक पर छापेमारी : पुलिस ने अज्ञात ईडी अधिकारियों के खिलाफ शुरू की जांच

- पुलिस ने दर्ज किया बयान, सीसीटीवी फुटेज जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने आई-पैक प्रमुख प्रतीक जैन के आवास और सलाहकार फर्म के कार्यालय से दस्तावेजों की चोरी में कथित तौर पर शामिल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की पहचान करने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू कर दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई में दोनों स्थानों पर मौजूद केंद्रीय एजेंसी कर्मियों की पहचान करने का भी प्रयास हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार की सुबह शेक्सपियर सरणी थाने के अधिकारी जैन के आवास पर गए और सीसीटीवी फुटेज तथा डीवीआर रिकॉर्डिंग एकत्र की। अधिकारी ने कहा कि घरेलू कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के बयान भी दर्ज किए गए। एक बार पहचान की प्रक्रिया पूरी हो जाने पर आरोपियों को नोटिस जारी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आई-पैक के कार्यालय और प्रतीक जैन के आवास पर केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी के संबंध में ईडी के खिलाफ पुलिस में दो शिकायतें दर्ज कराईं। शिकायतों के आधार पर, कोलकाता और बिधाननगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की और जांच शुरू की। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और केंद्रीय एजेंसी कर्मियों की भूमिका सहित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:-

**क्रम सं. -1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 01-2026-कालोनी,** कार्य का नाम: **(अ)** आरसीटी में दो अदद चैंबर और जी०एम० आफिस के पीछे आरपीएफ के लिये कार्यालय एवं कॉमन रूम का विद्युतीय कार्य का प्रावधान। **(ब)** सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम गोरखपुर में खेल छात्रावास का विकास कार्य। **(स)** गोरखपुर रेलवे क्षेत्र में विभिन्न कार्यालयों की छतों पर लगे सौर पैनलों की बिजली आपूर्ति और बिखरे हुए केबलों को सुनिश्चित करने के लिये केबल ट्रे का प्रावधान" से संबंधित विद्युतीय कार्य। **(डी)** पीएफए कार्यालय, पीसीएमडी कार्यालय, पीसीई कार्यालय, ला कार्यालय और पीसी सीएम कार्यालय में वर्कस्टेशनों और कॉम्पैक्टरों और अन्य सुधार कार्य से संबंधित विद्युतीय कार्य का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 75,82,984.41, बयाने की राशिः ₹ 1,51,700/-, ई-निविदा फार्म का मूल्यः शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से 06 माह।
• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 30-01-2026 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी
मुजाधि/विद्युत-249 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध पटरियों के कार्यों की व्यवस्था हेतु ई-निविदा सूचना**

निविदा - क्रमांक :डीसीई-II-आर-25-26-06 (ओपन ई-टेंडर)(एकल पैकेट सिस्टम)
**कार्य का नाम :** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे में दाधापारा से हथबंध तक चौथी पटरियों का निर्माण से संबंधित बिलासपुर से रायपुर सेक्शन के बीच चौथी लाइन में विविध पटरियों के कार्यों की व्यवस्था।
**निविदा मूल्य : ₹ 70,67,807.18/-।**
**अमानत राशि : ₹ 1,41,400.00/-।**
**निविदा दस्तावेज की लागत : शून्य।**
**कार्य पूरा होने की अवधि :** स्वीकृति पत्र की तिथि से 04 (चार) माह।
**निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक : 23.01.2026** को **15:00** बजे तक। **निविदा खोलने का समय एवं दिनांक : 23.01.2026** को **15:30** बजे।
निविदा दस्तावेज की पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया उप मुख्य अभियंता (कॉन-II)/एस.ई.सी. रेलवे खारून रेल विहार कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन-492009 के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।
उप मुख्य अभियंता/निर्माण-II
सीपीआर/10/590 द.पू.म. रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail

### राज्य पुलिस पर भरोसा नहीं, केंद्रीय सुरक्षा की मांग को लेकर हुमायूं कबीर हाई कोर्ट पहुंचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर, जो तृणमूल कांग्रेस से निलंबित होने के बाद नई राजनीतिक पार्टी बनाकर 2026 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं, ने अपनी सुरक्षा को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। तीन राज्य पुलिस कर्मी सुरक्षा में तैनात होने के बावजूद हुमायूं ने इसे अपर्याप्त बताया और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष की पीठ में याचिका दायर की है। हुमायूं कबीर की याचिका में कहा गया है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इसलिए उन्हें जेड, जेड -प्लस या वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाए। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया कि देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को मिलने वाली केंद्रीय सुरक्षा की तरह ही उन्हें भी समान सुरक्षा दी जाए। मामले के दस्तावेजों में उल्लेख है कि हुमायूं कबीर अभी भी विधायक हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इसके बाद, उन्होंने नई राजनीतिक पार्टी बनाई। राजनीतिक बदलाव के बाद उन पर दबाव और धमकियां बढ़ने का आरोप लगाया गया है। हुमायूं कबीर ने बताया कि तृणमूल से निलंबन के बाद लगातार धमकियां मिल रही हैं। इसके अलावा मस्जिद निर्माण को लेकर हुए विवाद के कारण धमकियां और डराने-धमकाने की घटनाएं और बढ़ गई हैं। इन सभी कारणों से उन्होंने अदालत में अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका जताई है।

# एसआईआर : सुनवाई नोटिस मिलने के बाद कोमा में, 6 दिन बाद सोदपुर की वृद्धा की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एसआईआर सुनवाई नोटिस के डर से मौत की एक चिंताजनक घटना सामने आई है। सोदपुर की 75 वर्षीय वृद्धा ओल्का विश्वास का निधन हो गया, जो सुनवाई नोटिस मिलने के तुरंत बाद ब्रेन स्ट्रोक के शिकार हो गई थीं। उनके परिवार का आरोप है कि इस घटना की जिम्मेदारी केंद्रीय सरकार को लेनी चाहिए। स्थानीय तृणमूल नेताओं ने मृतक के परिवार के साथ खड़े होने और हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। ओल्का विश्वास, उत्तर 24 परगना के घोलर बिलकांडा 1 नंबर पंचायत के तालबांदा उत्तरपाड़ा क्षेत्र की निवासी थीं। 4 जनवरी को उनके घर पर सुनवाई नोटिस आया। परिवार के अनुसार, नोटिस मिलने के तुरंत बाद वृद्धा कुर्सी से गिर गईं और ब्रेन स्ट्रोक के कारण गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें कोलकाता मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां छह दिन के कोमा के बाद शनिवार को उनका निधन हो गया। वृद्धा की मौत की खबर से इलाके में शोक की लहर फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर खड़दह के विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय और बिलकांडा पंचायत के उपप्रधान प्रवीर दास घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने चुनाव आयोग और केंद्रीय सरकार/भाजपा पर जिम्मेदारी का आरोप लगाते हुए इस घटना की गंभीरता को उजागर किया। स्थानीय लोगों और परिवार ने भी इस दुखद घटना को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है।

### एसआईआर : रामपुरहाट में सुनवाई के दौरान बिगड़ी तबीयत, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**बीरभूम :** जिले के रामपुरहाट में शनिवार को एसआईआर की सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति की तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर बीडीओ ने अपनी निजी गाड़ी से उन्हें अस्पताल भिजवाया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृतक की पहचान कंचनकुमार मंडल के रूप में हुई है। वह रामपुरहाट नगरपालिका के वार्ड 13 का निवासी था। बताया गया है कि कंचन कुमार पत्नी के साथ एसआईआर सुनवाई का नोटिस मिलने पर वह रामपुरहाट-1 ब्लॉक कार्यालय पहुंचे थे। बीडीओ कार्यालय के सामने सुनवाई के लिए लंबी कतार लगी थी। कतार में खड़े रहने के दौरान कंचन अचानक अस्वस्थ होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और एंबुलेंस बुलाने की कोशिश की। एंबुलेंस पहुंचने में देरी होती देख बीडीओ ने तुरंत अपनी निजी गाड़ी उपलब्ध कराई, जिससे कंचन को रामपुरहाट गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, उनकी मौत हृदयाघात से हुई है। हालांकि, मृतक के परिवार का आरोप है कि एसआईआर सुनवाई को लेकर अत्यधिक मानसिक तनाव के कारण ही उनकी तबीयत बिगड़ी।

### 'जोतोई कोरो हामला, आबार जितबे बांग्ला', ईडी विवाद के बीच तृणमूल ने जारी किया थीम सॉन्ग

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपने नया अभियान गीत 'जोतोई कोरो हमला, आबार जितबे बांग्ला' (जितना भी करो हमला, फिर से जीतेगा बंगाल) लांच किया है। यह एक 'प्रतिरोध गीत' है, जो कहता है कि बंगाल लगातार राजनीतिक, सांस्कृतिक और संस्थागत हमलों से जूझता रहा है, लेकिन वह न तो कभी झुका है, न कभी झुकेगा। तृणमूल कांग्रेस ने अपना नया अभियान अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लांच किया है। गीत का लब्बोलुआब यही है कि बंगाल के विरुद्ध चाहे जितने हमले षड्यंत्र क्यों न हों, इसकी भावना, पहचान और लोगों को पराजित करने की कोशिशें कभी कामयाब नहीं होंगी। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के 2 बड़े नेता ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी जनता को बार-बार बता रहे हैं कि बंगाल को जितनी अधिक चुनौती दी जायेगी, वह उतना ही मजबूत होगा। इस गीत को केवल एक गीत के रूप में नहीं, एक राजनीतिक वक्तव्य और प्रतिरोध के आह्वान की तरह पेश किया गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक का राज्य की जनता, केंद्र सरकार और देश को स्पष्ट संदेश है- बंगाल उठेगा, बंगाल लड़ेगा और बंगाल जीतेगा। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि यह गीत बंगाल के सभ्यतागत आत्मविश्वास का प्रतीक है। ऐसा आत्मविश्वास, जो उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष के दौरान बना और दशकों से अधिनायकवाद और विभाजन के प्रतिरोध के बीच कायम है।

# चंपाहाटी में पटाखा कारखाने में विस्फोट, चार गंभीर रूप से घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के चंपाहाटी क्षेत्र में शनिवार को एक पटाखा कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घायलों में से एक की हालत गंभीर है। उसे बेहतर इलाज के लिए कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना बारुईपुर थाना अंतर्गत चंपाहाटी क्षेत्र के हरल गांव में हुई। विस्फोट के बाद, दमकल गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचीं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विस्फोट स्थल पर पटाखे बनाए जा रहे थे। विस्फोट के समय कई मजदूर घर में पटाखे बनाने में लगे हुए थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि घर का एक



हिस्सा मलबे में तब्दील हो गया। पास का एक बड़ा पेड़ भी आग की चपेट में आ गया। बरुईपुर पुलिस स्टेशन को तुरंत सूचना दी गई, और पुलिस अधिकारी शीघ्र ही मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए बारुईपुर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय निवासियों का दावा है कि विस्फोट पटाखा व्यापारी पिंटू मंडल के घर पर हुआ। विस्फोट के कारण लगी आग से उनका घर पूरी तरह से नष्ट हो गया। घर के मालिक पिंटू मंडल, शुभांकरी सरदार, और भक्ति सरदार झुलस गए। विस्फोट में एक अन्य व्यक्ति भी घायल हो गया। पता चला है कि पिंटू ने पिछले साल काली पूजा के बाद कुछ बिना बिके पटाखे अपने घर में रखे थे। पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं। बारुईपुर पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपांतर सेनगुप्ता ने बताया कि शनिवार की सुबह हमें चंपाहाटी-हरल क्षेत्र में एक पटाखा कारखाने में विस्फोट की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है। विस्फोट की जांच शुरू कर दी गई है।

### पत्नी को कार्यस्थल पर बदनाम करना मानसिक क्रूरता, ये तलाक की वजह : हाई कोर्ट

- कोर्ट ने तलाक का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाई कोर्ट ने पति और पत्नी के बीच कार्यस्थल पर होने वाले झगड़े के मामले में फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट का कहना है कि अगर पति, कार्यस्थल पर पत्नी का अपमान करता है तो इसे मानसिक क्रूरता माना जाएगा। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि पत्नी इस बात को आधार बनाकर अपने पति से तलाक भी ले सकती है। पति का कार्यस्थल पर अपमानजनक शब्द कहना, पत्नी की मानसिक शांति पर हमला है। जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य और जस्टिस सुप्रतिम भट्टाचार्य की बेंच ने एक मामले में फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट का यह फैसला एक महिला डॉक्टर की अपील पर सुनाया गया है। यह मामला पहले फैमिली कोर्ट में पहुंचा था, लेकिन अदालत ने इसे खारिज कर दिया। महिला ने फैमिली कोर्ट के फैसले को कोलकाता हाई कोर्ट में चुनौती दी। महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया कि उसका पति कार्यस्थल पर आकर उसे गाली देता था और उसके चरित्र के बारे में अफवाहें फैलाता था। हाई कोर्ट ने माना कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महिला को उसके साथ काम करने वाले लोगों के साथ पूछताछ की अनुमति नहीं दी गई, जिससे वह आरोपों को साबित नहीं कर सकी। हाई कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए तलाक का आदेश दिया। कोर्ट ने महिला के पति को उसके नाबालिग बेटे के मिलने का अधिकार दिया है। इसके साथ ही बच्चे की देखभाल के लिए कंप्लीट शेड्यूल भी बताया है।

**OFFICE OF THE SABANG DEVELOPMENT BLOCK**
SABANG, PASCHIM MEDINIPUR
**NOTICE**

NIT No-48/25-26 vide Memo No-138/SBG, NIT No-49/25-26 vide Memo No-27/PS, NIT No-050/25-26 vide Memo No-139/SBG, NIT No-051/25-26 vide Memo No-140/SBG, has been invited for 44Nos Repair & Renovation & CC ROAD Waiting shed fund of-SDRF& PATHASHREE-IV.
Last date & time for application of tender 26.01.2026 upto 10.00 Hours. For details log on to:www.wbtenders.gov.in

Date 09.01.2026
Block Development Officer
Sabang Development Block

**बैण्डेल एवं कटवा के बीच एक जोड़ी ट्रेन का निरस्तीकरण**

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के तहत जिराट एवं धात्रीग्राम स्टेशनों के बीच अप लाइन पर **दिनांक 11.01.2026, 12.01.2026 एवं 13.01.2026 को 03 रातों** के लिए **प्रत्येक रात को 03 घंटे पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, • 37741 **बैण्डेल-कटवा लोकल** तथा • 37742 **कटवा-बैण्डेल लोकल** ट्रेनें **दिनांक 11.01.2026, 12.01.2026 एवं 13.01.2026** को **निरस्त** रहेंगी।
**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से आठ स्मार्टफोन और छह कीपैड फोन किए गए जब्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने एक बड़े अंतरराज्यीय सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत आसान ऋण दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को इस कार्रवाई की जानकारी साझा की। पूर्व जादवपुर थाना को सूचना मिली थी कि निताई नगर इलाके में एक आवासीय भवन से संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसी आधार पर शुक्रवार की देर रात पुलिस की एक विशेष टीम ने उक्त ठिकाने पर छापेमारी की। मौके से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ के बाद उन्हें



औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित अलग-अलग राज्यों के रहने वाले हैं। आरोपियों के नाम अमित खान (बिहार), रथिन सिद्दीकी, मोहम्मद नजीमुद्दीन सिद्दीकी, विशाल शिंदे और मधुसूदन एचआर (सभी कर्नाटक निवासी) के रूप में हुई है। ये सभी वर्तमान में पूर्व जादवपुर थाना क्षेत्र में रहकर अपना नेटवर्क चला रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से 8 स्मार्टफोन और 6 कीपैड फोन जब्त किए गए हैं। शनिवार को सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां आगे की जांच के लिए पुलिस उनकी हिरासत मांगेगी। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह आम लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का लाभ दिलाने और कम ब्याज पर लोन स्वीकृत कराने का प्रलोभन देता था। आवेदन प्रक्रिया और अन्य शुल्कों के नाम पर ये लोगों से मोटी रकम वसूलते थे और फिर गायब हो जाते थे। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस सिंडिकेट में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और इन्होंने अब तक कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# पुरुलिया से लौटते समय चंद्रकोना में शुभेंदु अधिकारी की गाड़ी पर हमले का आरोप

## दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पर थाने में धरने पर बैठे विपक्ष के नेता



**पश्चिम मेदिनीपुर :** विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर शनिवार की शाम पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना में हमला किया गया। यह हमला तब हुआ जब वह पुरुलिया जिले में एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कोलकाता लौट रहे थे। अधिकारी ने दावा किया कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना रोड मार्केट इलाके में चार-पॉइंट क्रॉसिंग पार करने के बाद, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने अचानक सड़क जाम कर दी। उन्होंने कहा कि वे तृणमूल कांग्रेस के झंडे लिए हुए थे। अधिकारी ने यह भी दावा किया कि सत्ताधारी पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने बांस की लाठियों से उनके काफिले पर हमला किया और बुलेटप्रूफ गाड़ी पर लाठियों से मारना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह काफी देर तक चलता रहा, लेकिन स्थानीय पुलिस कथित हमलावरों को रोकने के लिए मौके पर नहीं पहुंची। अधिकारी का काफिला किसी तरह मौके से निकलने में कामयाब रहा, जिसके बाद वे सीधे चंद्रकोना पुलिस चौकी गए और वहीं जमीन पर बैठ गए। विपक्ष के नेता ने कहा कि जब तक स्थानीय पुलिस बदमाशों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार नहीं कर लेती, मैं यह जगह नहीं छोड़ूंगा। ज़िला पुलिस अधीक्षक और अन्य बड़े अधिकारियों को सूचित किया जाए। मैं आखिर तक यहीं इंतजार करूंगा। जब यह रिपोर्ट लिखी गई, तब अधिकारी चंद्रकोना पुलिस चौकी में बैठे थे। जिस गाड़ी में अधिकारी यात्रा कर रहे थे, उसके बुलेटप्रूफ शीशे की वजह से उन्हें कोई चोट नहीं आई। भाजपा ने बाद में कहा कि हमलावर तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता थे।

## रविंद्रनाथ घोष ने कूचबिहार नगरपालिका के चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा

**कूचबिहार :** कूचबिहार नगरपालिका के चेयरमैन रविंद्रनाथ घोष ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शनिवार को उन्होंने महकमा शासक (एसडीओ) गोविंद नंदी को अपना इस्तीफा सौंपा। हालांकि, उनके इस्तीफे के पीछे की वजह अब तक साफ नहीं हो पाई है, लेकिन बीते कुछ दिनों से उनके पद छोड़ने को लेकर अटकलें तेज थी। रविंद्रनाथ घोष के इस्तीफे के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि कूचबिहार नगरपालिका के नए चेयरमैन के रूप में तृणमूल कांग्रेस के वार्ड 5 के पार्षद दिलीप साहा को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। बता दें कि आगामी 13 जनवरी को कूचबिहार में अभिषेक बनर्जी की सभा प्रस्तावित है और सूत्रों के अनुसार, इसके बाद ही तृणमूल कांग्रेस नए चेयरमैन के नाम की घोषणा कर सकती है। इस पूरे मामले पर अब तक रविंद्रनाथ घोष की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## मालदह में पापड़ विक्रेता की हत्या मामले में कुख्यात ड्रग डीलर गिरफ्तार

**मालदह :** जिले के कालियाचक में एक पापड़ विक्रेता की गोली मारकर हत्या करने के मामले में एक कुख्यात अपराधी व ड्रग डीलर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम साजिद सरदार है। वह कालियाचक थाना अंतर्गत गायेशबाड़ी इलाके में रहता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति दो अन्य हत्याओं में भी आरोपी है। बताया गया है कि गुरुवार की रात पुलिस ने सबसे पहले साजिद सरदार को ड्रग के एक मामले में गिरफ्तार किया। बाद में, पूछताछ में पता चला कि वह पापड़ विक्रेता की हत्या में शामिल था। इसके बाद, पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज किया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 25 नवंबर को रात करीब 9 बजे कालियाचक थाना अंतर्गत जलालपुर ग्राम पंचायत में लतीफपुर के पास नीचरकंडी इलाके में बदमाशों ने एक पापड़ विक्रेता अजहर मोमिन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद, पैसे लूटकर बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस ने घटना की जांच की। आखिरकार, डेढ़ महीने बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट के आदेश पर उसे पुलिस हिरासत में लिया गया है। हत्या में शामिल दो और लोगों के नाम सामने आए हैं। उन्हें ढूंढने के लिए तलाश की जा रही है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि क्या कोई और भी शामिल है।




आई-पैंक मामले तृणमूल-भाजपा में सांठगांठ का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भवानीपुर के जादूबाबू बाजार के सामने प्रदर्शन किया एवं पूतला फूंका।

## भाटपाड़ा में सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट करने वाली युवती गिरफ्तार




**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के भाटपाड़ा इलाके में सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट करने वाली युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवती का नाम रिया कर्मकार सिंह है। जानकारी के अनुसार, रिया ने 29 दिसंबर को अपने फेसबुक प्रोफाइल पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट किया था, जो तेजी से वायरल हो गया और इसके बाद इलाके में हलचल मच गई। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, 29 वर्षीय रिया अपने पति की मृत्यु के बाद पिता के घर भाटपाड़ा के रथतला-शीतलातला में रह रही थीं। पोस्ट किए गए फोटो में दिखाया गया हथियार एक 7 मिमी पिस्टल बताया गया। वायरल फोटो के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। तफ्तीश के दौरान पुलिस ने रिया के घर से दूसरा हथियार (वन सटर) भी बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ में रिया ने बताया कि फोटो में दिखाया गया हथियार उसका एक मित्र का है। पुलिस अब उस मित्र की तलाश कर रही है। जांच यह भी कर रही है कि युवती के पास कुल कितने हथियार थे और क्या वह किसी हथियार तस्करी में शामिल थी। रिया कर्मकार सिंह को शुक्रवार को भाटपाड़ा महकमा कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे 10 दिन पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से छानबीन कर रही है।

## मोयना में भाजपा नेता हत्याकांड मामले में एनआईए ने एक और आरोपित को दबोचा

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मोयना में बहुचर्चित भाजपा बूथ अध्यक्ष विजय कृष्ण भुइयां हत्याकांड में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। एनआईए की टीम ने सबंग थाना क्षेत्र के दशग्राम इलाके से तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता स्वपन भौमिक को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद जिले में एक बार फिर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। उल्लेखनीय है कि एक मई 2023 को मोयना के बाकचा पंचायत अंतर्गत गोरामहल गांव में भाजपा बूथ अध्यक्ष विजय कृष्ण भुइयां का उनके घर के पास से अपहरण कर उनकी निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज मामले में मृतक की पत्नी लक्ष्मीरानी भुइयां ने 34 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने इसकी जांच एनआईए को सौंप दी थी। एनआईए सूत्रों के अनुसार, स्वपन भौमिक इस हत्याकांड का मुख्य आरोपित है और उसके खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं। शनिवार सुबह एजेंसी ने सबंग में छापेमारी कर उसे दबोच लिया और आगे की पूछताछ के लिए कोलकाता स्थित कार्यालय ले आई है। इस मामले में अब तक कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हालांकि, बुद्धदेव मंडल और कमल खुटिया जैसे कुछ अन्य मुख्य आरोपित अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में एनआईए की विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

## महिलाओं और बच्चों के लिए ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ का स्वास्थ्य जागरूकता शिविर-2026




**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे विमेंस वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की ओर से शनिवार को स्वास्थ्य जागरूकता शिविर-2026 का आयोजन ए.पी. रॉय इंस्टीट्यूट, घोलेशापुर, बेहाला में किया गया। यह शिविर ईस्टर्न रेलवे की महिला कर्मचारियों, महिला लाभार्थियों तथा 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउसकर ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के सदस्य, पूर्व रेलवे के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एसीएमडी/एच एंड एफडब्ल्यू तथा बी.आर. सिंह अस्पताल से नामित विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित थे। शिविर में कुल 148 लाभार्थियों, जिनमें 25 बच्चे शामिल थे, ने व्यापक स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा, सामान्य शल्य चिकित्सा, अस्थि रोग, नेत्र, ईएनटी, दंत, बाल रोग एवं आहार संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान स्तन कैंसर जांच, सर्वाइकल कैंसर के लिए पैप स्मीयर टेस्ट, बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) जांच, रक्त परीक्षण तथा लंबाई, वजन और रक्तचाप की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों में निवारक स्वास्थ्य देखभाल, रोगों की प्रारंभिक पहचान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर शिविर को सफल बनाने में योगदान देने वाले चिकित्सकों को अध्यक्ष सीमा देउसकर द्वारा सम्मानित किया गया।

## सरकारी अस्पताल में इलाज न मिलने से भड़के लोग, बीएमओएच को घेरकर प्रदर्शन

**मालदह :** राज्य की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति एक बार फिर उजागर हुई है। जिले के हरिश्चंद्रपुर में एक प्रसूता को आठ घंटे तक बिना इलाज के छोड़ देने और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ की अनियमित उपस्थिति के आरोपों को लेकर शनिवार को हंगामा खड़ा हो गया। हरिश्चंद्रपुर-2 ब्लॉक के मशालदह बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हालात इतने बिगड़ गए कि अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को एक गर्भवती महिला को अस्पताल लाया गया था, लेकिन केवल एक घोषणापत्र जमा न कर पाने के कारण उसका इलाज शुरू नहीं किया गया। पीड़ा में तड़पती महिला को लगातार आठ घंटे तक यूं ही छोड़ दिया गया और बाद में उसे रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्वास्थ्य केंद्र पर आसपास के बड़े ग्रामीण इलाके की निर्भरता है, बावजूद इसके यहां गंभीर लापरवाही बरती जाती है। वहीं, मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी (बीएमओएच ) तापस कुमार मुखोपाध्याय नियमित रूप से अस्पताल नहीं आते और सामसी में अपने निजी क्लिनिक में अधिक समय देते हैं। अस्पताल में अक्सर केवल एक ही डॉक्टर मौजूद रहता है। दवाइयों या इंजेक्शन की जरूरत पड़ने पर नर्सों को फोन पर अधिकारी की अनुमति के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। इधर, शनिवार को जैसे ही बीएमओएच अस्पताल पहुंचे, मरीजों के परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## परेशानी से बचना है तो धीरज रखो : पं. शंभुशरण लाटा

**बिका बैंक्वेट बेलूर में नव-दिवसीय श्रीराम कथा का अष्टम दिवस**



**हावड़ा, समाज्ञा :** 'आज तक विज्ञान ने ऐसा कोई कपड़ा नहीं बनाया है जो मैला न हो और जो नया रहे पुराना न हो। आज जो काम पैसे से होते हैं, पैसे से बहुत कुछ होता है लेकिन सब कुछ नहीं होता है। उस समय भजन से और तपस्या से सब कुछ होता था।' ये उद्गार बिका बैंक्वेट बेलूर में धनानिया परिवार की ओर से आयोजित नव-दिवसीय श्रीराम कथा के अष्टम दिवस की कथा का शुभारंभ करते हुए संतश्री शंभुशरण जी लाटा ने व्यक्त किये। उन्होंने सती अनुसुइया द्वारा माता सीता को नारी धर्म के बारे में समझाने के प्रसंग को उल्लेखित करते हुए कहा कि चार चीजों की परीक्षा आपत्ति काल में होती है। सबसे पहले धीरज। शास्त्र में धैर्य पर बहुत जोर दिया गया है। आज के लोग भक्ति विचार तो बहुत रखते हैं लेकिन धैर्य कम है। जल्द परेशान हो जाते हैं लेकिन धैर्य व्यक्ति को परेशान नहीं होने देगा। भगवान तो कृपा करेंगे लेकिन तब करेंगे जब आप धैर्य रखोगे क्योंकि जिसको धैर्य नहीं वो स्वयं दुःखी हो जायेगा। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है - धीरज-धर्म-मित्र अरु नारी, आपत्तिकाल परीखेउं चारी। प्रसंग पर लौटते हुए पं. लाटा ने कहा कि सती अनुसुइया माता सीता को समझाती हैं कि अपना पति कैसा भी हो, अंधा-बहरा-क्रोधी या दीन हो, ऐसे पति का भी नारी यदि अपमान करती है तो भी पाप लगता है। उन्होंने कहा कि यह पक्षपात नहीं है। शास्त्र कभी गलत नहीं हो सकते। पुरूषों के लिए कई धर्म है पितरों को तर्पण, परिवार का भरण-पोषण, समाज को देखे लेकिन नारी का एक ही धर्म है पति की सेवा। लेकिन आज समाज की स्थिति काफी बिगड़ गई है। उन्होंने कहा कि ये कथा मनोरंजन के लिए नहीं है, संसार के हित के लिए कही गई हैं। पहले शास्त्र कहता था कि शब्द ब्रह्म है। ब्रह्म का नाश नहीं होता है और अब विज्ञान भी यह कह रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस नव-दिवसीय कथा का समापन आज (रविवार) की कथा के साथ होगा।

### बिनायक एन्क्लेव में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान



**कोलकाता, समाज्ञा :** बिनायक एन्क्लेव मैदान में आज से दो दिनों का धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। पहले दिन बनारस से आये आचार्य पंडितों द्वारा नर्मदेश्वर शिवलिंग का महारूद्रभिषेक एवं श्री विष्णु सहस्रनाम पाठ तथा श्री ललिताम्बा पूजन किया जायेगा। दूसरे दिन हवन पूजन का अनुष्ठान होगा। भक्तों के लिए प्रसाद के साथ जलपान एवं स्वादिष्ट भोजन की भी व्यवस्था की गयी है। इस कार्यक्रम के निवेदक बराहनगर म्युनिसिपल्टी के उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बोस (सुनु) और सहभागी संस्था बिनायक एन्क्लेव अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन है।

## राजनीति, समाज और संस्कृति में भाषा के गिरते स्तर पर चिंता, मातृभाषा बचाने का आह्वान



**कोलकाता, समाज्ञा :** राजनीति और समाज में भाषा के लगातार हो रहे क्षरण को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सरस्वती भांडार ने हाल ही में एक विचारोत्तेजक चर्चा के माध्यम से मातृभाषा के संरक्षण और सम्मान का संदेश दिया। मेरे बंगाल में बंगाली ही बहे-इस भाव के साथ आयोजित इस पहल का उद्देश्य यह रेखांकित करना रहा कि विकास और कल्याण के साथ-साथ भाषा और संस्कृति की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जिस तरह राज्य सरकार की लक्ष्मी भांडार योजना समाज के आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनी है, उसी तरह सरस्वती यानी भाषा और विचार की चेतना को जीवित रखना भी समय की मांग है। इसी सोच के तहत सरस्वती भांडार ने चुनावी माहौल में अपनी यात्रा शुरू की थी। मंच से समूह की प्रमुख झरना भट्टाचार्य ने कहा कि समाज में भाषा-संत्रास बढ़ रहा है, जिससे मानसिक पीड़ा, असहिष्णुता और उपेक्षा जन्म ले रही है। उन्होंने जोर दिया कि यह दौर भाषा-हिंसा के रूप में इतिहास में दर्ज न हो, इसके लिए परिवार, राजनीति, प्रशासन, समाज और मीडिया-सभी को सजग होना होगा। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए 28 दिसंबर को एमपी बिड़ला प्लेनेटोरियम सभागार में आयोजित इस चर्चा में भाषा का प्रभाव व्यक्ति के शरीर, मन, परिवार, समाज, राजनीति और आने वाली पीढ़ियों पर कैसे पड़ता है, इस पर विस्तार से विचार हुआ। साथ ही यह भी बताया गया कि शब्दों की हिंसा और राजनीतिक चाटुकारिता समाज को किस दिशा में ले जा सकती है। कार्यक्रम में डॉ. ऋतब्रत भट्टाचार्य, अधिवक्ता सौरभ साहा चौधरी, राजनीतिक विश्लेषक प्रीतम दत्त, कवि-पत्रकार सैयद हसमत जलाल, उद्योगपति अबिरलाल विश्वास, श्यामल विश्वास तथा रेड चेक रिस्क मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ एवं संस्थापक मनीष खान सहित कई विशिष्ट वक्ताओं ने अपने विचार रखे। चर्चा के माध्यम से बंगाली भाषा के सम्मान और संरक्षण की साझा जिम्मेदारी पर जोर दिया गया।

## देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन से पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत जुड़े



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के बीच रेल संपर्क को मजबूत करते हुए देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा-कामाख्या मार्ग पर शुरू करने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक पहल लंबी दूरी की रात्रिकालीन यात्रा को तेज, सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से की गई है। 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस पश्चिम बंगाल और असम के प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ेगी। यह ट्रेन 13 महत्वपूर्ण स्टेशनों-बंडेल, नवद्वीप धाम, कटवा, आजीमगंज, न्यू फरक्का, मालदह टाउन, आलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, जलपाईगुड़ी रोड, न्यू कूचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बंगाईगांव और रंगिया-पर ठहराव करेगी, जिससे नौ जिलों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी। कामाख्या-हावड़ा सेवा बुधवार को छोड़कर प्रतिदिन, जबकि हावड़ा-कामाख्या सेवा गुरुवार को छोड़कर प्रतिदिन संचालित होगी। वंदे भारत स्लीपर सेवा से यात्रा समय कम होगा, रात्रि यात्राओं में सुविधा बढ़ेगी और पूर्वी व उत्तर-पूर्वी भारत के बीच रेल संपर्क और सुदृढ़ होगा।

## जगद्दल में कर्ज और धमकियों के दबाव में महिला ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के जगद्दल थाना क्षेत्र अंतर्गत अतपुर बंकिमनगर इलाके में एक महिला ने आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मृतका ने आत्महत्या से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा था। जानकारी के अनुसार, मृतका रमा बसाक, इलाके में एक स्वनिर्भर समूह चला रही थीं। वे खुद कर्ज में फंस गई थी। लोन की प्रक्रिया में वह अपनी देनदारी के दबाव में आ गईं। इसके बाद, पैसे के लिए दबाव और धमकियों के चलते उन्होंने यह दुखद कदम उठाया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रमा बसाक को उनके पावनदारों द्वारा लगातार धमकियां दी जाती थीं और गालियां भी दी जाती थीं। लगातार इस मानसिक और आर्थिक दबाव में आने के बाद उन्होंने आत्महत्या का रास्ता अपनाया। जगद्दल थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सुसाइड नोट के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## केशियाड़ी में वाहन लोडिंग के दौरान हादसा, एक व्यक्ति की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशियाड़ी प्रखंड अंतर्गत केशियाड़ी बाजार के समीप स्थित एक साल पत्ता गोदाम में शुक्रवार की रात करीब 8.30 बजे वाहन लोडिंग के दौरान हुए हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज कुमार पानिया (48) के रूप में हुई है। वह खड़िका माथानी क्षेत्र का निवासी था। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मनोज कुमार पानिया गोदाम में वाहन पर साल पत्ते लोड करने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान असावधानीवश वह वाहन के ऊपर से नीचे गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल केशियाड़ी ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही केशियाड़ी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए शनिवार को शव को पोस्टमार्टम हेतु खड़गपुर अनुमंडल अस्पताल भेजा जाएगा। मामले की जांच जारी है।

## आनंद चाहते हो तो कीर्तन करो : स्वामी गिरीशानंद



**कोलकाता, समाज्ञा :** जीवन में भक्ति आ जाए तो किसी के सामने की नहीं। यह भक्ति का प्रभाव है कि त्रिलोकी को जीतने वाला हिरण्यकश्यपु को जब पता चला कि उसकी बहन होलिका जो प्रह्लाद को जलाने चली थी, वह चिताग्नि में जल गई ,प्रह्लाद बच गया तो वह भय के मारे कांपने लगा। यह भगवान के नाम लेने के कारण प्रह्लाद बच गया। इसी बात को भक्त प्रह्लाद गुरुकुल में दैत्य बालकों से कहते हैं, जो जीवन मिला है तो पहला कर्तव्य है ईश्वर का भजन करो। इसलिए दुनिया का चर्चा छोड़ों और भगवान का भजन करो। दैत्य बालकों! भगवान को खुश करने के लिए बहुत ज्यादा जरूरत नहीं। जितना प्रयास दुनिया के लिए करते हो उसका 10 प्रतिशत भगवान के लिए करो। साधना से मन की शुद्धि होती है। सत्संग से बुद्धि शुद्धि होती है। आनंद चाहते हो तो सद्गुरु की सेवा करो, संतों के साथ रहो और ईश्वर की आराधना करो, कीर्तन करो। दुनिया को खुश करना कठिन है, ठाकुर को खुश करना सरल है। ये बातें संगीत कला मंदिर व संगीत कला मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत भक्त प्रह्लाद चरित्र पर प्रवचन करते हुए परम पूज्य परमहंस स्वामी गिरीशानंद महाराज ने संगीत कला मंदिर सभागार में कही। इस मौके पर अरविन्द नेवर, देवेन्द्र मंत्री, मंजू नेवर, विनोद माहेश्वरी, शीला झुनझुनवाला, मुरारीलाल दीवान, सजन बंसल, अशोक चूड़ीवाल, बीएसएफ के कमांडेंट मनोज राय, संगीता राय, वीणा चूड़ीवाल, वर्षा अग्रवाल, प्रभात पंसारी, डॉ. एस बी नागौरी, बबीता दीवान, राजू चौधरी, संदीप अग्रवाल, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, किशन लाल रूंगटा, सुभाष मुरारका सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित हुए चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के अधिकारी



**चित्तरंजन, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे की ओर से अनुकरणीय सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 में चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) के अधिकारी को सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह 9 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। समारोह में रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशभर से चयनित 100 रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य तथा विभिन्न रेलवे जोन और उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक उपस्थित रहे। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 के लिए नवाचार, परिचालन दक्षता, सुरक्षा, राजस्व वृद्धि, समयबद्ध परियोजना पूर्णता, खेल और अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में योगदान के आधार पर कुल 100 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स के उप मुख्य विद्युत अभियंता हरिओम चौहान को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। सीएलडब्ल्यू के महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने श्री चौहान को बधाई देते हुए उनकी तकनीकी दक्षता और समर्पण की सराहना की तथा भारतीय रेलवे का आभार व्यक्त किया।

## नीतिगत सुधारों से 2026 में जीवन बीमा उद्योग को नई मजबूती : कमलेश राव

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश में जीवन बीमा क्षेत्र को लेकर सकारात्मक संकेत सामने आ रहे हैं। बीमा जागरूकता समिति (आईएसी-लाइफ) के अध्यक्ष कमलेश राव ने कहा है कि जीवन बीमा उद्योग वर्ष 2026 में मजबूत और ग्राहक-केंद्रित विकास के नए चरण में प्रवेश करने जा रहा है। कमलेश राव के अनुसार नीतिगत सुधारों, बढ़ती उपभोक्ता मांग और अनुकूल नियामक वातावरण ने इस क्षेत्र के लिए ठोस आधार तैयार किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 जीवन बीमा उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष रहा, जब सामाजिक कल्याण के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में जीवन बीमा को सशक्त करने के लिए कई अहम पहलें की गईं। संशोधित समर्पण मूल्य मानदंड, चुनिंदा बीमा उत्पादों पर जीएसटी छूट और बीमा सुगम पोर्टल का शुभारंभ उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि वित्तीय सुरक्षा और सेवानिवृत्ति योजना को प्राथमिकता दिए जाने से सुरक्षा, वार्षिकी और बचत आधारित योजनाओं की मांग बनी हुई है। साथ ही एफडीआई नियमों में ढील से विदेशी कंपनियों के प्रवेश, तकनीकी नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, जिससे जीवन बीमा उद्योग का सतत विकास सुनिश्चित होगा।

# बागनान के एईआरओ ने छोड़ा पद, मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**हावड़ा, समाज्ञा :** राज्य में चल रहे विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) अभियान के बीच एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। हावड़ा जिले के बागनान विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) मौसम सरकार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि 'तार्किक विसंगति' (लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी) के नाम पर बड़ी संख्या में वास्तविक और वंचित वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश रची जा रही है। ब्लॉक आपदा प्रबंधन विभाग में अधिकारी और बगनान ब्लॉक-दो के एईआरओ मौसम सरकार ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) अचिंत्य कुमार मंडल को अपना त्यागपत्र सौंपा। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया कि आगामी 14 जनवरी से ब्लॉक में 'तार्किक विसंगतियों' को लेकर सुनवाई शुरू होनी है, जिससे पहले वे इस प्रक्रिया से खुद को अलग करना चाहते हैं। बता दें कि अकेले बगनान ब्लॉक-दो में लगभग 24




हजार ऐसे मामले सामने आए हैं। संवाददाताओं से बातचीत में मौसम सरकार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिन नामों को 'विचित्र पारिवारिक वृक्ष' (वियर्ड फैमिली ट्री) या विसंगति की श्रेणी में डाला गया है, वे वास्तव में स्पेलिंग (वर्तनी) की त्रुटियां हैं। उन्होंने कहा, 2002 की मतदाता सूची में जो गलतियां थीं, उन्हें लोगों ने निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत फॉर्म-आठ भरकर सुधारा था। अब उन्हीं सुधारों को विसंगति बताकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। इस्तीफा देने वाले अधिकारी का दावा है कि इन विसंगतियों को दूर करने के लिए 12 प्रकार के विशिष्ट दस्तावेजों की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि वंचित और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के पास वोटर कार्ड, आधार कार्ड और राशन कार्ड तो हैं, लेकिन वे स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। उनके पास अन्य अनिवार्य दस्तावेज नहीं हैं, जिससे एक विशेष वर्ग के लोगों के मताधिकार छीनने का खतरा पैदा हो गया है। ईआरओ अचिंत्य कुमार मंडल ने इस्तीफा मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने इसे उच्च अधिकारियों को भेज दिया है।

# धूलागढ़ में तेल टैंकर में लगी आग, चार लॉरी और एक बस जलकर खाक

## किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले में सांकराइल थाना अंतर्गत धूलागढ़ मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी सर्विस रोड पर शुक्रवार की रात बागनान की ओर जा रहे एक तेल टैंकर में अचानक आग लग गई। इसी दौरान सड़क से गुजर रही चार लॉरी और एक बस आग की चपेट में आ गईं। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया और एक-एक कर सभी वाहन धू-धू कर जलने लगे। आग देखकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। खबर पाते ही सांकराइल थाने की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और दमकल विभाग की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना के चलते सर्विस रोड पर काफी देर तक यातायात पूरी तरह बंद रहा। पुलिस और दमकल सूत्रों के अनुसार, आग की चपेट में आकर चारों लॉरी और बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बाद में, जले हुए वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सामान्य किया गया। हावड़ा सिटी पुलिस के आयुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि तेल टैंकर से ही यह दुर्घटना हुई है, लेकिन समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच पुलिस कर रही है।






आउट्राम घाट पर जौनपुर नागरिक संघ के शिविर में प्रसिद्ध समाजसेवी रामनरेश जायसवाल, पूर्व पार्षद संजय सिंह, दीपक सिंह का सम्मान करते संघ के अध्यक्ष लालमणि मिश्रा, रामजी मिश्रा एवं रमेश चतुर्वेदी

# तारकेश्वर में हथियार और कारतूस के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले की तारकेश्वर थाने की पुलिस ने शुक्रवार की रात आग्नेयास्त्र और कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, गत गुरुवार को तारकेश्वर के चापाडांगा इलाके में तीन बदमाशों ने एक चाय की दुकान में घुसकर दुकानदार को डराकर पैसे वसूल किए थे। इसके बाद, आरोप है कि उन्हीं बदमाशों ने एक ट्रक चालक को पिस्तौल दिखाकर उससे कई हजार रुपये लूट लिए। इन दोनों घटनाओं को लेकर शुक्रवार को तारकेश्वर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर तारकेश्वर थाने की पुलिस ने जांच शुरू की और शुक्रवार की रात अस्तारा चड़कतला इलाके से अतनु माइती नामक एक युवक को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक सात एमएम की पिस्तौल और दो राउंड कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, आरोपित अतनु माइती के खिलाफ चोरी, डकैती समेत कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं और वह इससे पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। उसका घर तारकेश्वर के नाइटा मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रानाबांध इलाके में है। पुलिस ने आरोपित को शनिवार को पुलिस हिरासत की मांग के साथ चंदननगर महकमा अदालत में पेश किया। इस मामले पर हुगली ग्रामीण पुलिस के डीएसपी (मुख्यालय) सब्यसाची घोष ने बताया कि अन्य की तलाश जारी है।



# हिंदमोटर फैक्ट्री में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में प्रेमी गिरफ्तार

## अबतक दो कुल गिरफ्तारी, आरोपी तृणमूल युवा नेता के 2 साथी अभी भी फरार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के हिंदमोटर फैक्ट्री में नाबालिग से कथित दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस मुख्य आरोपित को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना गत गुरुवार की शाम को हुई। नाबालिग लड़की अपने एक दोस्त के साथ बंद पड़ी हिंदमोटर फैक्ट्री के अंदर गई थी। आरोप है कि वहां दो साथियों के साथ एक कथित 'तृणमूल युवा नेता' पहुंचे, जिन्होंने खुद को सिविक वालंटियर भी बताया। उन्होंने दोनों नाबालिगों को डराया और फिर ब्लैकमेल करके छात्रा से दुष्कर्म किया। लड़की ने घर लौटकर परिजनों से पूरी बात बताई, जिसके बाद परिवार ने उत्तरपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, उसके साथ दो और लोग थे, जिनका अभी तक पता नहीं चल सका है। दुष्कर्म के आरोप की जांच में पुलिस ने उस दोस्त को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसके साथ नाबालिग हिंदमोटर फैक्ट्री गई थी।



पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना को लेकर इलाके में राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। शनिवार को चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर अमित पी. जावलगी उत्तरपाड़ा थाने पहुंचे। उन्होंने कहा कि नाबालिग के पिता ने शिकायत दर्ज कराई है। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में से एक नाबालिग है, उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नाबालिग की मेडिकल जांच रिपोर्ट मिल गई है। संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। जो आरोपित खुद को सिविक वालंटियर बता रहा था, जांच में पता चला है कि वह फर्जी था।



आउट्राम घाट पर तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए लगे ओम व्यवसायिक संघ के सेवा शिविर का शनिवार को उद्घाटन करते शंभूनाथ जायसवाल, सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह के अध्यक्ष विकास जायसवाल (डब्बू), समाजसेवी विजय जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, तारक जायसवाल, संस्था के महासचिव अखिलेश जायसवाल व अन्य

# साजिरहाट में भारी मात्रा में गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के खुफिया विभाग (डीडी) और न्यू बैरकपुर थाने की पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सोदपुर-माध्यमग्राम रोड के किनारे साजिरहाट इलाके में छापेमारी कर 37.12 किलो गांजे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। शनिवार को पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, अभियान के दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से कुल 37.12 किलो गांजा जैसा प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद हुआ। मौके से दो युवकों को हिरासत में लिया गया। आरोपितों के नाम प्रसेनजीत बर्मन (28), अयूब अली (22) है। दोनों कूचबिहार जिले के निवासी हैं। एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए पुलिस ने बरामद गांजा और वाहन को जब्त कर लिया है। इस संबंध में न्यू बैरकपुर थाने की पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। साथ ही, इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।






आउट्राम घाट पर तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए लगे जय माता दी सेवा संघ के सेवा शिविर का शनिवार को उद्घाटन संपन्न हुआ। समारोह में सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह के अध्यक्ष विकास जायसवाल (डब्बू), समाजसेवी विजय जायसवाल, समाजसेवी हरीश जायसवाल, संस्था के सचिव रतन लाल गुप्ता व अन्य।

# जय भारत नागरिक सेवा समिति का गंगासागर तीर्थ यात्रियों के लिए सेवा शिविर आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेले के अवसर पर जय भारत नागरिक सेवा समिति की ओर से गंगासागर तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य गंगासागर जाने वाले श्रद्धालु-ओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था के उपाध्यक्ष श्रीधर पांडे ने किया। सेवा शिविर का विधिवत उद्घाटन विधायक अशोक देव ने किया। कार्यक्रम में पार्षद सत्येंद्र सिंह और अशोक ओझा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा, संस्था के सक्रिय सदस्यों में विवेकानन्द झा, पी.एन. झा, जैनेन्द्र सक्सेना सहित अन्य सदस्य और स्वयंसेवक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# आउट्राम घाट पर मध्य कलकत्ता साहू समाज के सेवा शिविर का हुआ उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के आउट्राम घाट पर गंगासागर तीर्थयात्रियों के लिए लगे सेवा शिविर का उद्घाटन 10 जनवरी को मध्य कलकत्ता साहू समाज द्वारा बड़े भव्य तरीके से किया गया। इस अवसर पर समारोह का विधिवत उद्घाटन पश्चिम बंगाल तैलीक साहू सभा के अध्यक्ष रूपचंद प्रसाद के करकमलों से किया गया। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे, जिनमें भगवान दास आर्य, एम.एल. साव, शिवशंकर गुप्ता, सुरेश गुप्ता, विजय साव, रामलखन साव, शिशिर गुप्ता, विजय गुप्ता, कंचन, अंजू साव, पिंटू साव, उमाशंकर साव, धर्मेंद्र साव, गणेश साव, संजय साव, रामविलास साव, बीकन साव, अयोध्या साव आदि शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन शंभु प्रसाद गुप्ता ने की अध्यक्ष गोवर्धन गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद गुप्ता, महामंत्री महेंद्र गुप्ता उपमंत्री राजकुमार गुप्ता, अजय कुमार,मुन्नीलाल साव, अनिल गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों जैसे, दिलीप गुप्ता, जगदीश साव, मिश्रीलाल साव, श्रीलाल साव, श्यामसुंदर गुप्ता, बनारसी साव, रामानंद साव, गणेश साव,निशांत साव, रितेश साव आदि सदस्यों के अथक परिश्रम से सफलता पूर्वक पूरा हुआ।




# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का सेवा शिविर



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर तीर्थ मेले के अवसर पर आउट्राम घाट स्थित सेवा शिविर में कोलकाता कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से तीर्थयात्रियों को कम्बल - शाल वितरण, प्राथमिक चिकित्सा शिविर 9 जनवरी से 16 जनवरी तक है। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार अवस्थी, सचिव योगेश कुमार अवस्थी ने बताया कि सेवा शिविर में सहयोगी अक्षय नथानी, विकास चौधरी, महेश कुमार अग्रवाल, विवेक अड़ुकिया, संयोजक - कार्यकर्ता दिनेश अवस्थी, पवन शुक्ला, अमित त्रिपाठी, आंजनेय शर्मा, नरेन्द्र अवस्थी, रमेश तिवारी, वेदांश, आदित्य, विवेक अग्रवाल एवं समाज के सदस्य सक्रिय हैं।

# काशी विश्वनाथ सेवा समिति का बाबू घाट पर गंगासागर मेले में सेवा शिविर शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगासागर मेला के अवसर पर काशी विश्वनाथ सेवा समिति की ओर से बाबूघाट में स्थापित सेवा शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के दिशा-निर्देशन में संचालित यह सेवा शिविर बीते 56 वर्षों से लगातार गंगासागर जाने वाले लाखों तीर्थयात्रियों को निःशुल्क एवं निःस्वार्थ सेवा प्रदान करता आ रहा है। सेवा शिविर की व्यवस्थाओं का दायित्व समिति के प्रधान सचिव विमल दीवान, सह-सचिव पवन बंसल, सुभाष सांवलदावाला, मेला संयोजक मनोज चौधरी तथा दुर्शीचंद अग्रवाल ने संभाला। समिति से जुड़े सभी कार्य पूर्व मार्गदर्शक स्व. राजकुमार बोथरा की प्रेरणा से संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर स्व. हजारीमल दीवान, स्व. विजय दीवान, स्व. अशोक दीवान एवं स्व. पुष्पा दीवान की स्मृति में दीवान परिवार की ओर से 500 कंबल, 350 साड़ियां और 480 दुशालों का वितरण गंगासागर जाने वाले तीर्थयात्रियों के बीच किया गया। यह वितरण दानदाता परिवार के राहुल दीवान और विशाल दीवान के कर कमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नेपाल के काउंसलर की उपस्थिति भी रही। शिविर को सफल बनाने में गिरधारी अग्रवाल, उमा शंकर जोशी, सुमित झुनझुनवाला, सुशिल जोशी, जयप्रकाश गुप्ता, महेश काबरा, सुभाष चंद्र गोयनका, महेश गोयनका, चेतन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, आदित्य तुल्शियन सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य, स्वयंसेवक और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल रहे। बाबूघाट से गंगासागर के लिए प्रस्थान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति द्वारा चिकित्सा सहायता, ठहरने की व्यवस्था तथा दाल-भात, पूड़ी-सब्जी, रोटी-सब्जी, चाय-बिस्कुट, चना-हलवा, चुड़ा-गुड़ जैसे भोजन की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही कंबल, दुशाला, साड़ी और चरण पादुका भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष देखभाल की व्यवस्था की गई है।



# आउट्राम घाट में भारत क्षत्रिय समाज के सेवा शिविर का हुआ उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत क्षत्रिय समाज का आधिकारिक उद्घाटन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सूरज प्रताप सिंह द्वारा स्वर्गीय सुग्रीव सिंह मंच से किया गया, उसके बाद वेद सिंह द्वारा ठाकुर रामायण सिंह अतिथिशाला का उद्घाटन किया गया। समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में मंत्री जावेद खान, मंत्री मदन मित्रा, एमएलए एवं एमआईसी देवसीस कुमार, पौरपिता राजेश सिन्हा, बैस्वानवर चट्टोपाध्याय, बिजन लाल मुखर्जी, सत्येंद्र सिंह, मनोज सिंह सहित अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे। मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह ने कहा की सेवा परमों धर्म है, संयोजक मनोज सिंह ने कहा सेवा शिविर के अन्तिम यात्री तक अनवरत चलता रहेगा। इस कार्यक्रम में सर्व श्री डॉ राजेश सिंह, राजगृही सिंह, पारस नाथ सिंह, रणधीर सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह (पू, विधायक), कृष्ण प्रताप सिंह, रविन्द्र सिंह 'दीपक' श्रामबाबू सिंह, कपिलदेव सिंह, संतोष सिंह, सुजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह, मनोज सिंह 'आदर्श', धर्मेन्द्र कुमार सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंह, अमरनाथ सिंह, राजाबाबू सिंह, संजीवा कुमार सिंह, सुनील सिंह (पप्पू), मिलन कुमार सिंह दया शंकर सिंह, राजू बाबू सिंह, राजीव रंजन सिंह, सुरेंद्र सिंह राजपूत, ओम प्रकाश सिंह, दिलीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, जय प्रकाश सिंह, विनय कुमार सिंह, राय बहादुर सिंह, अभय नारायण सिंह, डॉ. हरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह (हावड़ा), राज किशोर सिंह, अखिलेश कुमार सिंह (बेहला), कृष्णा सिंह, दया शंकर सिंह, सुशील सिंह, दिलीप सिंह, परमेश्वर सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, राधे श्याम सिंह, प्रीतम सिंह, संजय सिंह, राजेश कु. सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिंह, परविंदर सिंह, अधिवक्ता मनोज सिंह, संजीत कुमार सिंह, रमेश सिंह, हरिमोहन सिंह, अनुपम कु. सिंह, बृजेश सिंह, अमितराज सिंह, हरिविष्णु सिंह, शशि रंजन सिंह, उदय प्रताप सिंह, मनोज कु. सिंह (हावड़ा), मन्दिप सिंह, संकल्प कुमार सिंह, मनोज कु. सिंह (बेहला), सुशील कुमार सिंह, वशिष्ठ सिंह, धनराज सिंह, बीरेंद्र सिंह, रत्नेश (गुड्डू) सिंह, रितेश जायसवाल, दीनानाथ पांडेय, तारकेश्वर दुवे, मनोज सिंह (कस्बा), दिनेश कुमार सिंह, शिव कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, तारक दत्त सिंह, राजू, सिंह, शिव वर्मा, पूर्णमासी गुप्ता, वेद प्रकाष तिवारी, तेजबहादुर सिंह, विजय कुमार सिंह, नंद सिंह, संजीत सिंह, सुजीत सिंह, प्रभुदयाल सिंह, दिवाकर सिंह, राजीव रंजन सिंह, विवेक सिंह, उपासना सिंह, श्बिनोद सिंह, संजीव सिंह, विक्रम सिंह, नवीन राऊत, धीमान दास, विशाल सिंह, सतीश राउत, वेद प्रकाश तिवारी शामिल थे। कार्यक्रम में कलकत्ता क्षत्रिय समाज, अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज, रिसडा क्षत्रिय जागरण मंच, बैरकपुर क्षेत्रिय समाज, क्षत्रिय चेतना मंच, क्षत्रिय समाज टीटागढ़, टोटागढ़ क्षत्रिय समाज इत्यादि के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।



# जेष्ठा देवी मंदिर, श्रीनगर, कश्मीर

## हमारी अनजानी धरोहर 88



डॉ. एस. के. सैनी

जेष्ठा देवी मंदिर श्रीनगर में राजभवन से थोड़ी दूर स्थित है। इसके पहुंचने का रास्ता भी राजभवन से ही होकर के जाता है यह एक अद्भुत शक्तिपीठ है किंतु आपको जान करके आश्चर्य होगा कि पहले ही जायेष्ठा रूद्र मंदिर था अर्थात भगवान शिव को समर्पित। इसकी स्थापना 9वी सदी मे कश्मीर के लोकप्रिय नरेश ललिता दित्य ने की थी। धीरे-धीरे बाद में यह मां दुर्गा के पूजा स्थल के रूप में ख्याति प्राप्त करने लगा और कई साधकों की तपस्या के बाद में यह शक्तिपीठ के रूप में चर्चित हो गया।

कश्मीर के खूबसूरत वादियों में स्थिति यह मंदिर बहुत खूबसूरत और शांति का प्रतीक माना जाता है क्योंकि यहां पर पहुंच करके हमें हृदय मे शांति मिलती है। आप यहाँ घंटों बैठे रह सकते हैं। कोई भी आपको परेशान नहीं करेगा। चारों तरफ से खुला हुआ यह मंदिर आसपास के उद्यानों से गिरा हुआ है आगे की तरफ एक पंचतारा होटल है ललित ग्रांड, पीछे की तरफ राज भवन और पूर्व मे चश्मे शाही की और परीमहल की पहाड़ियां हैं।

यह मंदिर शंकराचार्य पहाड़ी के तलहटी में स्थित है और कश्मीर के राज्य कवि कल्हण की राजस्थान तरंगिणी में भी इसका उल्लेख मिलता है।



जेष्ठ माता अर्थात लक्ष्मी की बड़ी बहन इसको अशुभ लक्ष्मी या लक्ष्मी भी कहा जाता है लोग इसको मनाने के लिए इससे डरकर इसकी पूजा करते हैं दक्षिण भारत के कुछ मंदिरों में भी जेष्ठ माता की पूजा का प्रावधान नवी शताब्दी से चला रहा था।

एक शिव मंदिर के आदिशक्ति पीठ के रूप में बदलने की यह कथा भी कम रोचक नहीं है कश्मीर में शिव मंदिरों की बहुतायत थी शंकराचार्य मंदिर के अतिरिक्त भी वहां पर मार्तंड मंदिर, सूर्य मंदिर और अनेकों मंदिर और उनके खंडहर मिलते हैं जिनमें अधिकतर में शिवलिंग पाए जाते हैं। ज्येष्ठा देवी का मंदिर अब यह भारत के गिने-चुने मंदिरों में रह गया जहां पर की अ लक्ष्मी की पूजा होती है और इस शक्तिपीठ के रूप में वर्णित किया जाता है।

# सौंदर्य के शत्रु हैं कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधन



विजय बजाज

यह एक कटु सत्य है कि कोई भी सौंदर्य प्रसाधन आपकी त्वचा का रंग बदल नहीं सकता। त्वचा के रंग के लिये त्वचा में उपस्थित मैलानिन नामक पिगमेंट जिम्मेवार होता है जिसकी मात्रा को किसी भी तरह कम या ज्यादा नहीं किया जा सकता, अतःयदि कोई क्रीम आपको स्थायी रूप से गोरा करने का दावा करती है तो सरासर धोखा ही है।

लिपस्टिक और नेलपालिश दोनों ही खाद्य पदार्थों के माध्यम से आपके पेट में पहुंचती हैं। लिपस्टिक न सिर्फ लगाने वाले के ही पेट में पहुंचती है बल्कि पति या प्रेमी के भी, जो लिपस्टिक लगाने वाली महिला के अधरों का रसपान करने के साथ-साथ आधी लिपस्टिक भी उदरस्थ कर जाते हैं। नेलपालिश तो आटा गूंधते, सब्जी काटते या इसी तरह के अन्य काम करते समय बन रहे भोजन में पहुंचकर सारे परिवार को हानि पहुंचाती है।

विभिन्न शैंपू, कंडीशनर व हेयर डाई आदि न सिर्फ गंजेपन की रफ्तार को बढ़ा रहे हैं बल्कि इनके अधिक उपयोग से कैंसर का खतरा भी निरंतर बढ़ रहा है। आई ब्रो पैंसिल और मस्कारा जैसी सौंदर्य सामग्रियों में ग्रेफाइट एवं लैड जैसे घातक पदार्थ होते हैं। इसी प्रकार टैलकम पाउडर व रूज आदि भी हमारे रोमछिद्र बंद कर त्वचा के श्वसन को कम कर देते हैं जिससे त्वचा कई रोगों की शिकार हो जाती है।

इस प्रकार ये कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधन न सिर्फ हमारा पैसा और समय बरबाद करते हैं, हमारे स्वास्थ्य के साथ घिनौना मजाक करते हैं बल्कि लाखों पशु-पक्षियों की नृशंस हत्या का पाप भी हमारे सर मढ़ते हैं क्योंकि अनेक सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण में इन पशु पक्षियों का रक्त, चर्बी और शरीर के अन्य कई अंगों का उपयोग किया जाता है।

सुंदर दिखने की चाह बुरी नहीं है। आप अपने सौंदर्य को निखारने के लिये घरेलू चीजों का इस्तेमाल करें। दूध, मलाई, दही, बेसन, चोकर, शहद, गुलाबजल, राई दाना, हल्दी, आंवला, शिकाकाई, नींबू, खीरा, नीम, मुल्तानी मिट्टी और अंडे जैसे कितने ही घरेलू सौंदर्य प्रसाधन आपके आसपास ही तो उपलब्ध हैं और वो भी कितने सस्ते दामों में। (उर्वशी)

# अनंत शक्ति का उद्घोष: स्वामी विवेकानंद - भारत की जागृत ज्योति



प्रो. आरके जैन

जब मैं अपनी आँखें बंद करता हूँ और भारत की उस सनातन आत्मा का स्मरण करता हूँ, जो युगों से सत्य, प्रेम और साहस की प्रेरणा देती रही है, तो मेरे अंतःकरण में स्वामी विवेकानंद का तेजस्वी स्वरूप सजीव हो उठता है। वह स्वरूप केवल एक महापुरुष का नहीं, बल्कि एक युग की चेतना का प्रतीक है; वह वाणी केवल शब्दों का उच्चारण नहीं, बल्कि आत्मजागरण का महाघोष है। 12 जनवरी 1863-यह तिथि केवल एक जन्म-दिन नहीं, बल्कि भारत की आत्मा में प्रज्वलित हुई उस अग्नि का स्मरण है, जिसने सुप्त राष्ट्र को जाग्रत किया और विश्व को भारतीय अध्यात्म की विराटता से परिचित कराया। स्वामी विवेकानंद कोई साधारण संन्यासी नहीं थे; वे उस अमर मशाल के समान थे, जिसकी लौ आज भी मानवता को दिशा दे रही है। उनकी जयंती हमें नमन करने का अवसर देती है-न केवल उनके जीवन को, बल्कि उस आत्मविश्वास, करुणा और निर्भीकता को, जो उन्होंने भारत की चेतना में प्रवाहित की।

स्वामी विवेकानंद का जन्म कोलकाता में नरेंद्र नाथ दत्त के रूप में हुआ। बाल्यकाल से ही उनके व्यक्तित्व में असाधारण तेज, निर्भीकता और जिज्ञासा स्पष्ट दिखाई देती थी। सत्य को जानने की उत्कंठा, ईश्वर के साक्षात्कार की तीव्र प्यास और तर्कशील बुद्धि उन्हें अपने समकालीनों से भिन्न बनाती थी। 1881 में रामकृष्ण परमहंस से हुई उनकी भेंट उनके जीवन की निर्णायक घटना सिद्ध हुई। रामकृष्ण ने उनके भीतर उस सुप्त सूर्य को पहचान लिया, जो आगे चलकर संपूर्ण विश्व को आलोकित करने वाला था। गुरु के सान्निध्य में नरेंद्र से विवेकानंद बनने की यह यात्रा केवल एक साधक की साधना नहीं थी, बल्कि भारत के आत्मबोध की यात्रा थी।

रामकृष्ण परमहंस के महाप्रयाण के पश्चात, विवेकानंद ने अपने गुरु के संदेश को विश्व तक पहुँचाने का संकल्प लिया। यह संकल्प केवल आध्यात्मिक प्रचार का नहीं, बल्कि मानवता के कल्याण का था। 1893 का शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन उनके जीवन का वह ऐतिहासिक क्षण बना, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाई। जब उन्होंने मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों कहकर अपना संबोधन प्रारंभ किया, तो सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट केवल शिष्टाचार नहीं थी-वह विश्व की आत्मा द्वारा भारतीय संस्कृति को दिया गया सम्मान था। सात मिनट के उस भाषण में उन्होंने वेदांत, सहिष्णुता और सार्वभौमिक भाईचारे का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रेरक है।

स्वामी विवेकानंद का दर्शन रूढ़ परंपराओं की सीमाओं को तोड़ने वाला था। उन्होंने धर्म को केवल कर्मकांड और पूजा-पाठ तक सीमित नहीं किया। उनके लिए धर्म का अर्थ था-मानव सेवा, करुणा और निर्भय सत्य। वे स्पष्ट शब्दों में कहते थे, जो दरिद्र नारायण की सेवा नहीं करता, वह ईश्वर की सेवा का अधिकारी नहीं हो सकता। उनके इस विचार ने अध्यात्म को जीवन से जोड़ा और सेवा को साधना का सर्वोच्च रूप घोषित किया। 1897 में स्थापित रामकृष्ण मिशन उनके इसी विचार का सजीव उदाहरण है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के माध्यम से आज भी लाखों जीवनों को संवार रहा है।

### एक अनंत मशाल: स्वामी विवेकानंद का जन्म और अविनाशी प्रकाश

### भारत की सुप्त आत्मा का जागरण: स्वामी विवेकानंद - कालातीत सूर्योदय



उनके विचारों की सबसे बड़ी विशेषता थी-आत्मविश्वास की अग्नि। औपनिवेशिक दासता से ग्रस्त भारत को उन्होंने आत्मग्लानि से मुक्त होने का संदेश दिया। उनका उद्घोष-अपने को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है-केवल वाक्य नहीं, बल्कि राष्ट्र की चेतना को झकझोरने वाला मंत्र था। उन्होंने युवाओं को यह विश्वास दिलाया कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मा में निहित है। उनके शब्दों में जो ओज था, वह आज भी रक्त में बिजली-सी दौड़ जाता है।

स्वामी विवेकानंद का युवाओं पर अटूट विश्वास था। वे मानते थे कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की धुरी है। उनका प्रसिद्ध कथन-मुझे सौ ऊर्जावान युवा दो, मैं भारत का पुनर्निर्माण कर दूँगा-आज भी हर युवा हृदय को आंदोलित करता है। आज के भारत में, जहाँ युवा जनसंख्या विशाल है, स्वामीजी का यह आह्वान और भी अधिक प्रासंगिक हो उठता है। वे युवाओं को केवल स्वप्न देखने के लिए नहीं, बल्कि संकल्प और कर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते थे।

उनका अमर संदेश-उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए-मानव जीवन का शाश्वत सूत्र है। यह संदेश केवल व्यक्तिगत सफलता का नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय उत्थान का मार्गदर्शन करता है। विवेकानंद का विश्वास था कि प्रत्येक आत्मा में अनंत सामर्थ्य विद्यमान है। आवश्यकता केवल उसे पहचानने और जाग्रत करने की है।

स्वामी विवेकानंद का जीवनकाल भले ही संक्षिप्त रहा हो, परंतु उनकी चेतना कालातीत है। वे समय की सीमाओं में बंधे नहीं थे। उनका जन्म केवल 1863 में नहीं हुआ-वे प्रत्येक युग में तब जन्म लेते हैं, जब समाज को दिशा की आवश्यकता होती है। उनकी जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि विचार अमर होते हैं, और जो राष्ट्र आत्मविश्वास खो देता है, वह इतिहास बन जाता है।

आज, स्वामी विवेकानंद की जयंती के पावन अवसर पर, यह आवश्यक है कि हम उन्हें केवल पुष्पांजलि तक सीमित न करें। सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी, जब हम उनके विचारों को अपने जीवन और कर्म में उतारें। उनका जीवन एक चिरस्थायी दीपस्तंभ है, जो अंधकार में भी मार्ग दिखाता है। उनकी अमर वाणी-तुम अनंत शक्तियों के स्वामी हो-हर निराश मन को आशा से भर देती है।

स्वामी विवेकानंद का जन्म भारत की आत्मा में उदित हुआ वह सूर्य है, जिसकी किरणें आज भी विश्व को आलोकित कर रही हैं। उनकी जयंती हमें संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर राष्ट्र और मानवता की सेवा करें, और भारत को पुनः उस गौरवशाली पथ पर अग्रसर करें, जिसकी कल्पना स्वामी विवेकानंद ने की थी।

# पत्नी से माफी मांगने में शरम कैसी?

किशनलाल शर्मा

'सारी दीपा। मुझे माफ कर देना। गलती मेरी थी। मुझे तुमसे ऐसा नहीं कहना चाहिए था।'

रमेश ने किसी बात पर अपनी पत्नी दीपा को झिड़क दिया था। बाद में पता चला कि गलती दीपा की नहीं, उसी की है। अपनी गलती का मालूम पड़ने पर रमेश ने पत्नी से माफी मांगी थी।

हमारे यहां पुरूष को श्रेष्ठ और औरत को हीन समझा जाता है। पति चाहे जो करने, पत्नी से चाहे जो कहने को स्वतंत्रा है। उस तरह की सोच या व्यवहार करने से दांपत्य में मधुरता या प्रेम आ ही नहीं सकता।



सुखी दांपत्य के लिए जरूरी है पति और पत्नी दोनों में ऊँच नीच या छोटा बड़ा वाली भावना न रहकर बराबर की भावना रहे।

प्रायः यह देखने में आता है कि गलती चाहे किसी की भी हो, पति बेवजह अपनी पत्नी को डांट देते हैं। अगर पति को पता चल जाए कि गलती पत्नी की नहीं, उसकी अपनी है, तो भी पति अपनी गलती पर क्षमा नहीं मांगता। पत्नी से क्षमा मांगने में शरम समझता है।

यह गलत है। अपनी पत्नी से अपनी किसी गलती पर माफी मांगने में शरम कैसी। रमेश अगर अपनी गलती के लिए अपनी पत्नी से माफी मांग सकता है तो आप क्यों नहीं।

पत्नी से माफी मांगने पर आप छोटे नहीं होंगे बल्कि पत्नी की नजरों में आपकी इज्जत ही बढ़ेगी। (उर्वशी)

# बालों को ऐसे संवारें

अर्पिता तालुकदार

सभी महिलाएं व युवतियां चाहती हैं कि उनके बाल लम्बे, काले, रेशम से मुलायम तथा चमकदार बने रहें। इसके लिए वे बालों में तेल लगाती हैं। मेंहदी, अंडा और शैम्पू का भी इस्तेमाल करती हैं लेकिन इतना ही बालों के स्वास्थ्य के लिए काफी नहीं है। इसके साथ सही ढंग से बालों को धोना और सुखाना भी जरूरी होता है। नीचे बालों से जुड़े कुछ टिप्स दिए जा रहे हैं।



- शैम्पू करने से पहले बालों में ब्रश जरूर करना चाहिए। इससे बाल नहीं उलझेंगे।
- बालों में ब्रश हमेशा नीचे से करें। बालों में जड़ से ब्रश करने से बाल अधिक टूटते हैं।
- बालों को झटके से और कसकर नहीं झाड़ें।
- हमेशा चैड़ी दांतों वाले कंघी या ब्रश का इस्तेमाल करें। इससे बाल नहीं टूटेंगे।
- बालों में शैम्पू करने के बाद बालों को अच्छी तरह धोकर साफ कर लें ताकि उसमें शैम्पू न रह जाए।
- शैम्पू करने से पहले बालों को खोलकर अच्छी तरह भिगो लें तथा उनमें शैम्पू करें।
- बालों को धोने के बाद हर बार कंडीशनर का व्यवहार करें। कंडीशनर बालों की जड़ में लगाएं क्योंकि बालों के अन्य भाग की अपेक्षा जड़ों को ज्यादा कंडीशनर की जरूरत पड़ती है।
- बालों को धोने के बाद झटककर न सुखाएं और न कसकर बांधें।
- बालों को बड़े तौलिए से पोंछें। अगर हो सके तो गरम तौलिए में बालों को लपेटें।
- बालों को ड्रायर से न सुखाएं। इससे हेयर बल्ब्स में सूजन आ जाती है।
- बालों में गीलापन रहे, तभी उन्हें सुलझाएं। इससे बाल नहीं टूटेंगे।
- किसी भी शैम्पू का इस्तेमाल न करें बल्कि बालों की क्वालिटी के अनुसार शैम्पू का चयन करें।
- यदि आपके बाल शुष्क हों तो बालों की कंडीशनिंग का विशेष ध्यान रखें। (उर्वशी)

# गहन विश्वास और सभ्यतागत गौरव के एक हजार वर्ष

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

**■ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व (8-11 जनवरी, 2026) सोमनाथ मंदिर पर 1026 में हुए पहले अभिलिखित आक्रमण के 1000 वर्ष पर स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।**

**■ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर मुख्य आध्यात्मिक और स्मरण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए 10-11 जनवरी, 2026 को सोमनाथ की यात्रा करेंगे।**

**■ प्रधानमंत्री श्री मोदी श्री सोमनाथ न्यास के प्रमुख हैं। इस मंदिर की विशेषता 150 फुट का शिखर, 1666 स्वर्ण मंडित कलश और 14200 ध्वज हैं।**

### परिचय

**सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम् ।**
**उज्जयिन्यां महाकालम्ॐकारममलेश्वरम्**

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम के इस आरंभिक श्लोक में गुजरात के सोमनाथ को बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान पर रखा गया है जिससे भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में उसके महत्व का पता चलता है। यह उस सभ्यतागत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि सोमनाथ भारत के आध्यात्मिक भूगोल का आधार है। गुजरात में वेरावल के निकट प्रभास पाटन में स्थित, सोमनाथ केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक जीवंत प्रतीक है।

### स्वाभिमान पर्व: सामूहिक गौरव की राष्ट्रीय अभिव्यक्ति

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन 8 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक एक राष्ट्रीय उत्सव के रूप में किया जा रहा है। यह आयोजन जनवरी 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले अभिलिखित आक्रमण के एक हजार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

इस आयोजन की परिकल्पना विनाश के स्मरण के रूप में नहीं, बल्कि सहनशीलता, विश्वास और सभ्यतागत आत्म-सम्मान को श्रद्धांजलि के रूप में की गई है। सदियों से, सोमनाथ को बार-बार उन आक्रमणकारियों द्वारा निशाना बनाया गया जिनका उद्देश्य भक्ति के बजाय विनाश था। हालाँकि, हर बार देवी अहिल्या बाई होल्कर जैसे भक्तों के सामूहिक संकल्प के माध्यम से मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। पुनरुद्धार के इस अटूट चक्र ने सोमनाथ को भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक शक्तिशाली प्रतीक बना दिया।

### ऐतिहासिक संदर्भ: जीवटता की एक सहस्राब्दी

सोमनाथ की ऐतिहासिक जड़ें प्राचीन भारतीय परंपरा में अत्यंत गहरी हैं। प्रभास तीर्थ, जहाँ सोमनाथ स्थित है, भगवान शिव की चंद्रदेव द्वारा की गई आराधना से जुड़ा हुआ है। परंपरा के अनुसार, चंद्रदेव ने यहाँ भगवान शिव की आराधना की थी और उन्हें उनके श्राप से मुक्ति मिली थी, जो इस स्थान को अपार आध्यात्मिक महत्व प्रदान करता है।

सदियों से, सोमनाथ मंदिर निर्माण के कई चरणों का साक्षी रहा, जिनमें से प्रत्येक उस समय की भक्ति, कलात्मकता और संसाधनों को दर्शाता है। प्राचीन वृत्तांत विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करके बनाए गए क्रमिक मंदिरों का वर्णन करते हैं, जो नवीनीकरण और निरंतरता का प्रतीक हैं। सोमनाथ के इतिहास का सबसे उथल-पुथल भरा चरण ग्यारहवीं शताब्दी में शुरू हुआ।

1947 में, सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ के खंडहरों का दौरा किया और मंदिर के पुनर्निर्माण का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उनका दृष्टिकोण इस विश्वास पर आधारित था कि सोमनाथ का पुनरुद्धार भारत के सांस्कृतिक विश्वास को बहाल करने के लिए अनिवार्य है। यह पुनर्निर्माण जन-भागीदारी और राष्ट्रीय संकल्प के साथ शुरू किया गया था। कैलाश महामेरु प्रसाद स्थापत्य शैली में निर्मित वर्तमान मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 11 मई, 1951 को की गई थी। यह समारोह केवल एक मंदिर के पुनः खुलने का प्रतीक नहीं था, बल्कि भारत के सभ्यतागत आत्म-सम्मान की पुष्टि थी।

### सोमनाथ मंदिर: भव्यता, आस्था और जीवंत विरासत

सोमनाथ को भगवान शिव के 12 आदि ज्योतिर्लिंगों में प्रथम के रूप में पूजा जाता है। वर्तमान मंदिर परिसर में गर्भगृह, सभामंडप और नृत्यमंडप शामिल हैं, जो अरब सागर के तट पर भव्यता के साथ खड़े हैं। मंदिर के शिखर की ऊँचाई 150 फीट है, जिसके शीर्ष पर 10 टन भारी कलश स्थापित है। 27 फीट ऊँचा ध्वजदंड मंदिर की आध्यात्मिक उपस्थिति का प्रतीक है। पूरा परिसर 1,666 स्वर्ण-मंडित कलशों और 14,200 ध्वजाओं से सुसज्जित है, जो पीढ़ियों की भक्ति और उत्कृष्ट शिल्प कौशल का प्रतीक हैं।




सोमनाथ निरंतर जीवंत उपासना का केंद्र बना हुआ है। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हमेशा से अधिक रही है। यह संख्या एक वर्ष में 92 से 97 लाख भक्तों के बीच रहती है (2020 में लगभग 98 लाख तीर्थयात्रियों ने मंदिर के दर्शन किए)। बिल्व पूजा जैसे अनुष्ठानों में 13.77 लाख से अधिक भक्त हिस्सा लेते हैं, जबकि 2025 में महाशिवरात्रि के अवसर पर 3.56 लाख श्रद्धालु आये थे। भक्तों को सोमनाथ के इतिहास से जोड़ने में सांस्कृतिक पहलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2003 में शुरू किया गया प्रकाश एवं ध्वनि शो (लाइट एंड साउंड शो) को 2017 में कथा वृतांत और 3 डी लेज़र तकनीक के साथ आधुनिक बनाया गया, पिछले तीन वर्षों में इस शो में 10 लाख से अधिक दर्शक देख चुके हैं। 'वंदे सोमनाथ कला महोत्सव' जैसे कार्यक्रमों ने लगभग 1,500 वर्ष पुरानी नृत्य परंपराओं को पुनर्जीवित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो श्री सोमनाथ ट्रस्ट के प्रमुख के रूप में भी कार्यरत हैं, उनके नेतृत्व में सोमनाथ पुनरुद्धार के एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है।

### आध्यात्मिक निर्मिति और पदयात्रा

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व से पहले, सोमनाथ में एक अनूठा आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण देखा गया। गिरनार तीर्थक्षेत्र और अन्य पवित्र केंद्रों के संतों ने शंख चौक से सोमनाथ मंदिर तक पदयात्रा की।

यह शोभायात्रा भगवान शिव के प्रिय डमरू, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भक्ति संगीत की ध्वनि से गुंजायमान थी। सिद्धिविनायक ढोल समूह के लगभग 75 ढोल वादकों ने इसमें भाग लिया, जिससे एक लयबद्ध और आध्यात्मिक रूप से ऊर्जामय वातावरण निर्मित हुआ। पूरे मंदिर परिसर में हर हर महादेव के जयकारा गूंज उठा।

### सोमनाथ मंदिर में महिला सशक्तिकरण और संवहनीयता

2018 में स्वच्छ आदर्श स्थल घोषित होने के बाद, सोमनाथ ने संवहनीयता के क्षेत्र में कई नवीन प्रथाओं को अपनाया है। मंदिर में चढ़ने वाले फूलों को वर्मीकम्पोस्ट में बदला जा रहा है, जिससे परिसर के 1,700 बिल्व वृक्षों को पोषण मिलता है। 'मिशन लाइफ' के अंतर्गत, प्लास्टिक कचरे को सड़क बनाने के ब्लॉक में परिवर्तित किया जा रहा है, जिससे हर महीने लगभग 4,700 ब्लॉक्स तैयार होते हैं। इसके अतिरिक्त, वर्षा जल संचयन से प्रति माह लगभग 30 लाख लीटर गंदे जल का प्रशोधन किया जाता है।

72,000 वर्ग फुट में फैला 7,200 पेड़ों का एक मियावाकी वन प्रतिवर्ष लगभग 93,000 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करता है। इसके अतिरिक्त, अभिषेक जल को शुद्ध करके 'सोमगंगाजल' के रूप में बोतलबंद किया जाता है, जिससे दिसंबर 2024 तक 1.13 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हो चुके हैं।

### निष्कर्ष

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास की पुष्टि करता है। यह विनाश पर जीवंतता और भय पर अटूट आस्था की विजय का सम्मान है। सौराष्ट्र के तट पर अडिग खड़ा सोमनाथ मंदिर दुनिया भर में भारतीयों को प्रेरित करता है। यह हमें स्मरण कराता है कि जहाँ विनाशकारी शक्तियाँ इतिहास के पन्नों में ओझल हो जाती हैं, वहीं सच्चाई, एकता और आत्म-सम्मान में निहित विश्वास सदैव अक्षुण रहता है।14

**आदिनाथेन शर्वेण सर्वप्राणिहिताय वै।**
**आद्यतत्त्वान्यथानीयं क्षेत्रमेतन्महाप्रभम्।**
**प्रभासितं महादेवि यत्र सिद्ध्यन्ति मानवाः।।**

अर्थ: सर्वशक्तिमान भगवान शिव ने, अपने आदिनाथ स्वरूप में, समस्त प्राणियों के कल्याण हेतु अपने शाश्वत सिद्धांत और संकल्प से इस अत्यंत शक्तिशाली और पवित्र क्षेत्र को प्रकट किया, जिसे प्रभास खंड के नाम से जाना जाता है। दिव्य आभा से आलोकित यह पुण्य भूमि वह स्थान है जहाँ मनुष्यों को आध्यात्मिक पूर्णता, पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# रेसिपी कार्नर 'दाल का दूल्हा'






सर्दियों का मौसम हो और कुछ गरम-गरम खाने का मन हो, तो घर की बनी दाल का दूल्हा या दाल ढोकली खाने का मजा ही अलग होता है। ये व्यंजन सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि पौष्टिक भी होता है। सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए इसमें मौजूद मसाले और दाल का प्रोटीन बेहद फायदेमंद होते हैं। कुछ राज्यों में ये व्यंजन काफी लोकप्रिय है। दाल का दूल्हा या ढोकली एक ऐसा पकवान है जिसे परिवार के सभी सदस्य आसानी से पसंद कर लेते हैं। इसे बनाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता और साधारण सामग्री से इसे घर पर बनाना आसान है। सही तरीके से इसे बनाएं तो इसका स्वाद इतनी परफेक्ट हो जाता है कि चावल, रोटी या अकेले ही खाने में भी मजा आता है।

### सामग्री

तूअर की दाल - 1 कप
आटा - 2 बड़े चम्मच
हल्दी, लाल मिर्च पाउडर
टमाटर
प्याज
हरी मिर्च और अदरक
हींग, तेल या घी - 1 बड़ा चम्मच
नमक - स्वादानुसार

### विधि

दाल का दूल्हा या दाल ढोकली बनाने के लिए सबसे पहले तूअर की दाल को 1-2 घंटे पानी में भिगो दें। इससे दाल जल्दी गलती है और ढोकली डालने पर पकने में आसानी रहती है। इसके बाद दाल को हल्की आंच पर उबालें और इसमें नमक, हल्दी, बारीक कटी हरी मिर्च और कद्दूकस किया हुआ अदरक डालें। चाहें तो थोड़ी हींग भी डाल सकते हैं, जिससे दाल का स्वाद और भी बढ़ जाता है।

जब तक दाल पक रही है तब तक गेहूं के आटे में हल्का नमक डालकर गूंथें और उससे छोटी-छोटी लोइयां बनाएं। जब दाल उबल जाए तो उबलती दाल में ढोकली को धीरे-धीरे डालें।

ढोकली डालने के बाद इसे धीमी आंच पर 15-20 मिनट तक पकने दें और बीच-बीच में हल्का हिलाते रहें ताकि ढोकली पक जाए। इस दौरान एक छोटे पैन में तेल या घी गर्म करें और उसमें बारीक कटा टमाटर और प्याज, हींग व लाल मिर्च का तड़का लगाकर दाल और ढोकली में डालें।

अंत में इसमें हरा धनिया काटकर डालें। गरम-गरम दाल का दूल्हा बड़े से कटोरे में डालकर परोसें। बस ध्यान रखें कि ज्यादा देर पकाने से ढोकली सख्त हो सकती है, इसलिए समय का ध्यान रखें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नगर निकाय चुनाव : भाजपा ने मुंबई, नागपुर के 58 पदाधिकारियों को निलंबित किया

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने मुंबई और नागपुर के अपने 58 पदाधिकारियों को पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में छह साल तक के लिए निलंबित कर दिया है। पार्टी ने यह कार्रवाई 15 जनवरी को 29 महानगरपालिकाओं के लिये होने वाले चुनावों से पहले की है। भाजपा ने यह कदम राज्य के लगभग सभी प्रमुख दलों और गठबंधनों के चुनाव प्रचार में व्याप्त असंतोष के बीच उठाया है। भाजपा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि निलंबित पदाधिकारियों में पूर्व महापौर, पार्षद और प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हैं, जिन पर आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ विद्रोह करने, पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश करने और 'महायुति' उम्मीदवारों के साथ सहयोग न करने का आरोप है।

### जम्मू में पाकिस्तान सीमा के पास एक संदिग्ध कबूतर पकड़ा गया

**जम्मू :** जम्मू के पास अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट स्थित एक अग्रिम गांव से शनिवार को एक संदिग्ध कबूतर पकड़ा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हल्के भूरे रंग के कबूतर को आज सुबह खराह गांव में 13 वर्षीय लड़के आर्यन ने पकड़ा। इसके प्रत्येक पंख पर दो काली धारियां हैं और पैरों में लाल और पीले रंग के छल्ले हैं जिन पर 'रहमत सरकार' और 'रिजवान 2025' के बाद कुछ संख्याएं अंकित हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में 3000 युवाओं से संवाद करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 जनवरी को यहां आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' में देश और विदेश से आए 3,000 से अधिक युवाओं के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। संवाद के 2026 संस्करण में चयनित प्रतिभागी प्रधानमंत्री के सामने 10 थीम आधारित ट्रैक में अपनी अंतिम प्रस्तुतियां देंगे, जिसमें वे राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के दृष्टिकोण और क्रियान्वयन योग्य विचार साझा करेंगे। स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री संवाद के समापन सत्र में भाग लेंगे जो भारत मंडपम में आयोजित होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' के लिए निबंध संग्रह का विमोचन भी करेंगे जिसमें युवाओं द्वारा लिखित चयनित निबंध शामिल हैं जो भारत की विकास प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण लक्ष्यों पर आधारित हैं।

### चुनाव के दौरान ईडी विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों तेज कर देती है: सिब्बल ने पूछा

**नयी दिल्ली :** निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल ने शनिवार को इस बात पर हैरानी जताई कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) विपक्षी नेताओं के खिलाफ केवल चुनाव के दौरान ही कार्रवाई क्यों करता है और उन्होंने उच्चतम न्यायालय से जांच एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र के संबंध मे लंबित पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई करने का अनुरोध किया। सिब्बल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई के पीछे एकमात्र मकसद विपक्षी नेताओं को परेशान करना प्रतीत होता है और उन्होंने झारखंड में हेमंत सोरेन और बिहार में विधानसभा चुनाव के दौरान लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के खिलाफ जांच एजेंसी की कार्रवाई के उदाहरण दिये। उन्होंने यह भी पूछा कि पश्चिम बंगाल में आई-पैक के खिलाफ छापेमारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय किस बात की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी सभी दस्तावेजों को अपने साथ नहीं ले जा सकती। ईडी ने बृहस्पतिवार को कोयला तस्करी के एक मामले के सिलसिले में कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख के आवास पर छापेमारी की थी।

# 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 'स्वदेशी' और 'स्वभाषा' को अपनाना महत्वपूर्ण : शाह

**जोधपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'स्वदेशी' और 'स्वभाषा' को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए लोगों से स्थानीय उत्पादों का निर्माण और उपयोग करने तथा घर पर केवल अपनी मातृभाषा में बातचीत करने का आग्रह किया। शाह ने कहा कि किसी भी समाज, संस्कृति और धर्म को संरक्षित रखने में भाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि हालांकि दुनिया में प्रगति के लिए आवश्यकतानुसार कोई भी भाषा सीखी या बोली जा सकती है, लेकिन घर पर बच्चों से बातचीत के लिए केवल हिंदी और



स्थानीय भाषाओं का ही इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि इससे उनकी जड़ों से उनका जुड़ाव मजबूत होगा। मंत्री यहां आयोजित 'माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन' को संबोधित कर रहे थे, जहां माहेश्वरी समुदाय के सदस्य देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों से एकत्र हुए हैं। शाह ने कहा, ''यदि आप घर पर बच्चों से उनकी भाषा में बात करेंगे, तो वे अपने इतिहास से, अपने राज्य राजस्थान से स्वतः जुड़ जाएंगे... भाषा ही वह चीज है जो समाज को, धर्म को जीवंत रखती है और संस्कृति को आगे बढ़ाती है।'' मंत्री ने कहा, ''अन्य स्थानों पर आवश्यकतानुसार किसी भी भाषा में बात करें, भले ही वह विदेशी भाषा हो, लेकिन घर पर बच्चों से केवल मातृभाषा में ही बात करें।'' शाह ने 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्वदेशी को 2047 तक भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का एकमात्र मंत्र बताया। शाह ने कहा, ''यदि हमें शीर्ष पर पहुंचना है, तो 'आत्मनिर्भर' ही एकमात्र विकल्प है और इसे सफल बनाने का एकमात्र मंत्र 'स्वदेशी' है।''

## फडणवीस को फंसाने की 'साजिश': पूर्व डीजीपी ने संजय पांडे के खिलाफ प्राथमिकी की सिफारिश की

**मुंबई :** महाराष्ट्र की पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला ने देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे को झूठे मामले में फंसाने की कथित साजिश को लेकर पूर्व पुलिस प्रमुख संजय पांडे और दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की थी। सूत्रों ने शनिवार को यह दावा किया। इन दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेताओं ने इस बात की गहन जांच की मांग की कि महाविकास आघाडी सरकार के दौरान तत्कालीन पुलिस महानिदेशक पांडे किसके निर्देश पर काम कर रहे थे। हालांकि, ठाकरे नीत शिवसेना (उबाठा) के नेता संजय राउत ने शुक्ला पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी रिपोर्ट पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वह 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की कार्यकर्ता' हैं। सूत्रों ने दावा किया कि तीन जनवरी को सेवानिवृत्त होने





से पहले शुक्ला ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच के आधार पर गृह विभाग को इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपी थी। सूत्रों का आरोप है कि रिपोर्ट में तत्कालीन डीजीपी संजय पांडे, पुलिस उपायुक्त लक्ष्मीकांत पाटिल और एसीपी सरदार पाटिल के नाम शामिल हैं। इन पर आरोप है कि इन्होंने ठाणे नगर पुलिस थाने में 2016 के एक रंगदारी मामले की पुन: जांच के बहाने तत्कालीन विपक्ष के नेता फडणवीस और तत्कालीन मंत्री शिंदे को फंसाने की साजिश रची थी। शुक्ला ने इन तीनों अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की। श्यामसुंदर अग्रवाल और उनके पूर्व व्यावसायिक साझेदार एवं रियल एस्टेट डेवलपर संजय पुनामिया के बीच विवाद के बाद 2016 में ठाणे नगर पुलिस थाने में अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में 2017 में आरोप पत्र दाखिल किया गया।

## भविष्य में हिजाब पहनने वाली महिला देश की प्रधानमंत्री बनेगी : असदुद्दीन ओवैसी

**मुंबई :** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान सभी समुदायों के लोगों को समान दर्जा देता है जबकि पाकिस्तान का संविधान शीर्ष संवैधानिक पदों के लिए केवल एक ही समुदाय तक सीमित है। सत्तारूढ़ भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) ने ओवैसी की इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने कहा अपने 'गैरजिम्मेदाराना' बयान के माध्यम से हैदराबाद के सांसद 'आधा सच' पेश कर रहे हैं क्योंकि मुस्लिम महिलाएं हिजाब नहीं पहनना चाहतीं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 15 जनवरी को



होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले महाराष्ट्र के सोलापुर में शुक्रवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पाकिस्तान के संविधान के अनुसार, वहां केवल एक धर्म का व्यक्ति ही प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बन सकता है, लेकिन डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा लिखित भारतीय संविधान में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कोई भी नागरिक महापौर, राज्य का मुख्यमंत्री, या यहां तक कि देश का प्रधानमंत्री भी बन सकता है।

## हिंसा के कुछ दिन बाद तुर्कमान गेट पर ध्वस्तीकरण स्थल से 400 ट्रक मलबा हटाया गया

**नयी दिल्ली :** तुर्कमान गेट पर फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अदालत के आदेश पर चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हुई झड़पों और पथराव के तीन दिन बाद, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वहां से 400 से अधिक ट्रक मलबा हटाकर स्थल को साफ कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सिटी एसपी जोन (सीएसपीजेड) के उपायुक्त विवेक अग्रवाल ने 'भाषा' को बताया कि पूरे सफाई अभियान में भारी-भरकम और कचरा उठाने वाले कम से कम 70 ट्रक लगाए गए। उन्होंने कहा, ''हमने अधिकांश मलबा हटा दिया है यह काम पूरा हो गया है।'' उन्होंने बताया कि निगम ने पूरे अभियान में छह गैस कटर, 32 बुलडोजर और कई 'जैकहैमर'



का इस्तेमाल किया। अग्रवाल ने बताया कि मलबे को बुराड़ी, रानीखेड़ा, शास्त्री पार्क और बक्करवाला में चार कचरा प्रसंस्करण संयंत्रों में ले जाया गया है। अग्रवाल ने कहा, ''इस अभियान में कम से कम 250 एमसीडी कर्मियों को लगाया गया था।'' अधिकारियों ने कहा कि इलाके की मस्जिद और मंदिर समितियों ने शांति बनाए रखने और सफाई अभियान चलाने में प्राधिकारियों का समर्थन किया। दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद, तुर्कमान गेट के सामने रामलीला मैदान क्षेत्र में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास बुधवार तड़के अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया गया था जिसमें अवैध रूप से कब्जाई गई 36,000 वर्ग फुट से अधिक जमीन खाली कराई गई।

## 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 में पश्चिम मध्य रेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर :** माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार, 9 जनवरी 2026 को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (यशोभूमि), द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 समारोह में पश्चिम मध्य रेल को दो प्रतिष्ठित शील्ड प्रदान कीं। पश्चिम मध्य रेल को ओवरऑल दक्षता शील्ड (पंडित गोविन्द बल्लभ पंत) तथा बिक्री प्रबंधन शील्ड सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रदान की गई।ओवरऑल दक्षता शील्ड पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री ने ग्रहण की, जबकि बिक्री प्रबंधन शील्ड महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता ने प्राप्त की। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत श्रेणी में पश्चिम मध्य रेल के श्री पियूष शर्मा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा



पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया।पश्चिम मध्य रेल को यह उपलब्धि पिछले एक दशक में निरंतर पूंजीगत व्यय (कैपेक्स), आधुनिक अधोसंरचना विकास तथा तकनीकी नवाचारों के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण प्राप्त हुई है। कोटा मंडल में भारतीय रेल की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 का देश में पहली बार सफल कमीशनिंग, कटनी में भारतीय रेल के सबसे लंबे ग्रेड सेपरेटर में अप ग्रेड सेपरेटर का निर्माण, वंदे भारत ट्रेनों के स्पीड ट्रायल, नई लाइनों का निर्माण, दोहरीकरण/तिहरीकरण, रेल फ्लाईओवर, स्क्रैप बिक्री में सुधार, यात्री सुविधाओं का विस्तार, संरक्षा एवं सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करना- इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।

## इसरो के आदित्य-एल1 से सौर तूफान के पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करने की मिली जानकारी

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसके आदित्य-एल1 सौर मिशन ने नयी जानकारी प्रदान की है कि कैसे एक शक्तिशाली सौर तूफान पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसरो ने एक बयान में कहा, ''सबसे गंभीर प्रभाव सौर तूफान के अशांत क्षेत्र के प्रभाव के दौरान हुआ।'' दिसंबर 2025 में 'एस्ट्रोफिजिकल जर्नल' में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण अध्ययन में इसरो के वैज्ञानिकों और शोध छात्रों ने अक्टूबर 2024 में पृथ्वी को प्रभावित करने वाली अंतरिक्ष की एक बड़ी घटना का विस्तृत विश्लेषण किया। इस अध्ययन में भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 से प्राप्त



डेटा के साथ-साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अभियानों के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया, ताकि सूर्य से निकले सौर प्लाज़्मा के एक विशाल विस्फोट के पृथ्वी पर पड़े प्रभाव को समझा जा सके। बयान में कहा गया, ''अंतरिक्ष मौसम (स्पेस वेदर) से तात्पर्य अंतरिक्ष में उत्पन्न उन परिस्थितियों से है, जो सूर्य पर होने वाली अस्थायी गतिविधियों जैसे सौर प्लाज़्मा विस्फोट के कारण बनती हैं। ये घटनाएं पृथ्वी पर उपग्रहों, संचार एवं दिशा सूचक सेवाओं तथा विद्युत ग्रिड अवसंरचना को प्रभावित कर सकती हैं।'' इसरो के अनुसार सौर तूफान के अशांत क्षेत्र ने पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को अत्यधिक रूप से संकुचित कर दिया, जिससे वह असामान्य रूप से पृथ्वी के बहुत करीब आ गया और कुछ समय के लिए भू-स्थिर कक्षा (जियोस्टेशनरी ऑर्बिट) में स्थित कुछ उपग्रह उनके संपर्क में आ गए। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि ऐसी घटना केवल अत्यंत गंभीर अंतरिक्ष मौसम घटनाओं के दौरान ही होती है।

## असम में पिछले पांच साल में 1.56 लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पिछले पांच वर्षों में विभिन्न विभागों में 1.56 लाख युवाओं की भर्ती की है।



उन्होंने वादा किया है कि शेष सभी भर्तियां 10 फरवरी तक पूरी कर ली जाएंगी, जिससे कुल संख्या 1.60 लाख हो जाएगी। उन्होंने असम प्रत्यक्ष भर्ती परीक्षा (एडीआरई) के तहत 6,347 ग्रेड-3 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और मुकदमेबाजी से मुक्त रही है। उन्होंने कहा कि इन भर्तियों को लेकर उच्च न्यायालय में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है और असम के योग्यता-आधारित भर्ती मॉडल का अध्ययन अब देश भर के अन्य राज्यों द्वारा किया जा रहा है। शर्मा ने कहा, ''यह स्वच्छ शासन, सेवा में ईमानदारी और योग्यता आधारित भर्ती में पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि है।'' मुख्यमंत्री ने नियुक्त पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पारदर्शी और योग्यता आधारित प्रणाली के माध्यम से उनकी नियुक्तियां एक विशिष्ट उपलब्धि रही हैं, जिसका अर्थ है कि नियोक्ता और कर्मचारी दोनों ने सरकारी नौकरियों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी तरीकों का पालन किया है।

## 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को विशेष सम्मान

**बिलासपुर :** भारतीय रेल द्वारा आयोजित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 समारोह का आयोजन 9 जनवरी 2026 को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो



सेंटर (यशोभूमि), द्वारका, नई दिल्ली में किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।इस प्रतिष्ठित समारोह में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एक अधिकारी और एक कर्मचारी को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया गया। साथ ही ज़ोन के उत्कृष्ट समग्र प्रदर्शन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को तीन प्रतिष्ठित शील्ड-ट्रैफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड, रेल मदद शील्ड तथा उत्कृष्ट गुणवत्ता (वर्कशॉप) शील्ड-प्रदान की गईं। उत्कृष्ट गुणवत्ता शील्ड मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर को मिली।समारोह में श्री तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। माननीय रेल मंत्री द्वारा यह सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को प्रदान किया गया।अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 से सम्मानित रेलकर्मियों में श्री दिलीप सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, नागपुर तथा श्री सांध्य प्रदीप चौबे, स्टेशन अधीक्षक, रायपुर शामिल रहे। श्री दिलीप सिंह को रेल संचालन, संरक्षा और डिजिटल नवाचार में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिससे परिचालन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी। वहीं श्री सांध्य प्रदीप चौबे को नया रायपुर में क्षउड गति शक्ति कोचिंग टर्मिनल की न्यूनतम व्यवधान के साथ सफल कमीशनिंग सहित उत्कृष्ट परियोजना निष्पादन के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को मिली यह उपलब्धि ज़ोन की उच्च परिचालन दक्षता, यात्री-केंद्रित सेवाओं, गुणवत्ता, संरक्षा तथा टीम भावना का प्रमाण है और भारतीय रेल के सुरक्षित व कुशल भविष्य की दिशा में उसके योगदान को रेखांकित करती है।

## पित्ताशय के कैंसर का पता लगाने में मददगार 'बायोमार्कर' की खोज

**तेजपुर :** असम के तेजपुर विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने खून में मौजूद ऐसे विशिष्ट रासायनिक संकेतकों (बायोमार्कर) की पहचान करने का दावा किया है, जिनसे पित्ताशय के कैंसर के उन मामलों के बीच अंतर किया जा सकता है, जो पथरी और बिना पथरी दोनों के होते हैं। यह खोज पित्ताशय के कैंसर का समय रहते पता लगाने की उम्मीद जगाती है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शोधकर्ताओं ने रक्त-आधारित विशिष्ट 'मेटाबोलिक संकेतकों' की पहचान की है, जो पित्ताशय के कैंसर के निदान में मददगार 'बायोमार्कर' के रूप में काम कर सकते हैं। पित्ताशय का कैंसर सबसे घातक जठरांत्रिय (गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल) कैंसर में से एक है। पूर्वोत्तर भारत में इसके असमान रूप से अधिक मामले सामने आए हैं और यह क्षेत्र में तीसरा सबसे आम कैंसर है। पित्ताशय का कैंसर अपने धीमे प्रसार के लिए जाना जाता है और ज्यादातर मरीजों में यह गंभीर चरण में पहुंचने के बाद ही पकड़ में आता है, जिससे इलाज के विकल्प बहुत सीमित हो जाते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, पित्त की थैली में पथरी को पित्ताशय के कैंसर का प्रमुख जोखिम कारक माना जाता है, लेकिन इस समस्या के शिकार हर व्यक्ति में यह कैंसर नहीं पनपता और बड़ी संख्या में पित्ताशय के कैंसर के ऐसे मामले भी सामने आते हैं, जिनमें मरीज के पित्त की थैली में पथरी की शिकायत से जूझने का कोई इतिहास नहीं होता।

## कश्मीर में पारा लुढ़का, शोपियां में तापमान शून्य से नीचे आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर जबरदस्त सर्दी की चपेट में है और इस दौरान घाटी के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी और शोपियां में तापमान शून्य के नीचे 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच आसमान साफ रहा और डल झील समेत पानी के दूसरे स्रोत जम गये। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक रात पहले यह शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा अधिक था। यह इस मौसम में शहर का अब तक का सबसे सर्द रात रही। शहर का न्यूनतम



तापमान मौसमी औसत से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। कड़ाके की ठंड के कारण डल झील के अंदरूनी हिस्सों समेत कई जलाशयों के कुछ हिस्से जम गये। दक्षिण कश्मीर में शोपियां घाटी का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां पारा शून्य से नीचे 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

# दंपतियों के बांझपन में पुरुषों की अहम भूमिका, आनुवंशिक तकनीक से कारण जानना संभव : वैज्ञानिक

**नयी दिल्ली :** बांझपन से जूझ रहे कई दंपतियों के लिए सबसे निराशाजनक स्थिति तब होती है, जब लंबे इलाज और कई जांचों के बावजूद गर्भधारण न हो पाने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आता। भारत में किए गए एक नए अध्ययन से उम्मीद जगी है कि उन्नत आनुवंशिक प्रौद्योगिकी की मदद से ऐसे मामलों में कारणों की पहचान संभव हो सकती है। इस महीने 'जर्नल ऑफ असिस्टेड रिप्रोडक्शन एंड जेनेटिक्स' में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, 2021 से 2024 के बीच गंभीर शुक्राणु समस्याओं से ग्रस्त 247 भारतीय पुरुषों का विश्लेषण किया गया। यह अध्ययन अहमदाबाद स्थित फ्रिगे इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन



जेनेटिक्स ने आईसीएमआर के सहयोग से किया है और इसे भारत में पुरुष बांझपन पर अब तक का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आनुवंशिक अध्ययन माना जा रहा है। अध्ययन में बताया गया है कि आम धारणा के विपरीत, बांझपन केवल महिलाओं की समस्या नहीं है। पुरुषों से जुड़े कारण भी इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं, लेकिन अक्सर इनकी पहचान कर पाना कठिन होता है। कई बार पुरुष पूरी तरह स्वस्थ दिखाई देते हैं और सामान्य जांच रिपोर्ट भी ठीक होती हैं, लेकिन वीर्य जांच में शुक्राणु नहीं मिलते या उनकी संख्या बेहद कम होती है। आईसीएमआर के वैज्ञानिक डॉ. दीपक मोदी के अनुसार, परंपरागत आनुवंशिक जांचों से केवल 247 में से 11 पुरुषों में ही कारण स्पष्ट हो सका। इसके बाद शोधकर्ताओं ने डीएनए अनुक्रमण की उन्नत तकनीकों का उपयोग किया, जिससे निदान की सफलता दर में छह से आठ प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि हुई और कुल 19 पुरुषों में आनुवंशिक कारणों की पुष्टि हो सकी। वैज्ञानिकों का कहना है कि आनुवंशिक निदान से दंपतियों को वर्षों तक चलने वाली अनिश्चित जांचों से राहत मिल सकती है। इससे आईवीएफ जैसे उपचारों को लेकर सही निर्णय लेने, भविष्य की पीढ़ियों में जोखिम समझने और अनावश्यक भावनात्मक व आर्थिक बोझ से बचने में मदद मिलेगी।

### यूपीएससी: परीक्षा केंद्रों पर सभी अभ्यर्थियों के चेहरे का प्रमाणीकरण होगा

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों का परीक्षा स्थलों पर चेहरा प्रमाणीकरण किया जाएगा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इससे परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता और अधिक मजबूत होगी। आयोग की वेबसाइट पर जारी एक नोट में कहा गया, ''यूपीएससी परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के चेहरे का परीक्षा स्थल पर प्रमाणीकरण किया जाएगा।'' यूपीएससी सरकार की नौकरियों के लिए विभिन्न भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता है, जिनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) परीक्षा भी शामिल हैं।

## इसरो अध्यक्ष ने पीएसएलवी-सी62 के प्रक्षेपण से पहले तिरुपति में पूजा अर्चना की

**तिरुपति :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने शनिवार को तिरुपति स्थित प्रसिद्ध वेंकेटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। उनकी यह यात्रा ईओएस-एन1 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' को 14 अन्य उपग्रहों के साथ अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के लिए प्रस्तावित पीएसएलवी-सी62 मिशन से पहले हुई है। इसरो के अधिकारी नारायणन के साथ थे। वे मंदिर में प्रार्थना करते समय प्रक्षेपण यान की एक लघु प्रतिकृति अपने साथ ले गए थे। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह मिशन 12 जनवरी को अंजाम दिया जाएगा। नारायणन ने कहा, ''12 जनवरी को हम ईओएस-एन1 उपग्रह को ले जाने वाले पीएसएलवी-सी62 को प्रक्षेपित करने जा रहे हैं।''उन्होंने कहा कि मिशन के लिए लक्षित कक्षा एक ध्रुवीय सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा है। इस मिशन के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती 11 जनवरी को शुरू होगी। यह पीएसएलवी की 64वीं उड़ान होगी। पीएसएलवी के जरिये अबतक 63 मिशन को अंजाम दिया जा चुका है, जिनमें महत्वाकांक्षी चंद्रयान-1, मंगलयान मिशन और आदित्य-एल1 मिशन शामिल हैं। इसरो के मुताबिक इस मिशन के तहत प्रक्षेपित किये जाने वाला रॉकेट मुख्य रूप से थाईलैंड और ब्रिटेन द्वारा निर्मित एक 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' के साथ 14 अन्य उपग्रहों को लेकर उड़ान भरेगा। इन्हें प्रक्षेपण के लगभग 17 मिनट बाद इच्छित सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

